मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम के प्रति पूजा, अर्चना और स्मरण करने का अवसर उपलब्ध करा दें।

**(Ix) Demand for Adequate Power Supply to Steel Plants**

*SHRI CHINTAMANI JENA (BALASORE) : The imposition of power cut by the concerned State Electricity Board and Corporation has seriously hindered the production of steel plants. The Bokaro, Durgapur and Burnpur steel plants are served by the Damodar Valley Corporation, Rourkela and Bhilai steel plants draw power from the Orissa and M.P. State Electricity Boards respectively.

The DVC has restricted power supply to Bokaro, Durgapur and Buranpur steel plants. The OSEB and MPOSES have imposed power cut, which has adversely affected Rourkela and Bhilai steel plants. The inadequate power supply has consequently resulted in substantial reduction in the output of these steel plants. The loss is of the order of 3,64,000 tonnes of saleable steel during 1982.

Unless immediate measures are taken to supply adequate power to the steel plants, there will be acute paucity of saleable steel in the country. The decline in the production of steel will compel the government to import steel for meeting the steel requirement, thereby country will loss valuable scarce foreign exchange resources.

Till the steel plants install captive power plant, the DVC, the OSEB, the MPSEB, must be directed by the Central Electricity Authority to supply the required power to these steel plants so that the nation building activities do not come to a grinding halt.

**12.30 hrs.**

## DEMANDS FOR GRANTS, 1983-84 CONTD. MINISTRY OF AGRICULTURE

MR. DEPUTY SPEAKER: We shall now take up further discussion and voting on the Demands for Grants under the control of the Ministry of Agriculture.

*Shri Zainal Abedin may now resume his speech. He has to conclude his speech in another five minutes.

SHRI ZAINAL ABEDIN (JANGIPUR); Mr. Deputy Speaker, Sir, on the last day, in the earlier part of my speech, I tried to show that during the past several years large areas of additional land has come under irrigation, the use of better seeds and fertilisers have also gone up. But in spite of all that, in the field of production of foodgrains or in the field of cash crops' production i.e. in one word in the entire field of agricultural production the position has remained stagnant over many years. We have failed to achieve the production targets and not only that, we have not been able to increase the per capita availability of food grains, pulses, egg, milk, pontry meat, fish etc. over the fifties or the sixties level. Rather in many cases it has gone below that level.

I also tried to show that as a result of the agricultural policy and the production strategy followed by the Government, a relative imbalance in the production of various types of agricultural products have cropped up, regional disparities have increased, and due to the concentration of land and other rural assets in the hands of a few people, the disparities in income among various sections of the cultivators have also tremendously increased. These developmental imbalances are giving rise to various types of political crisis which is manifested in secessionist movements and in various other ways. I also tried to say that on account of extreme poverty the small and marginal farmers, the sharecroppers etc., are unable to use nutrients in their fields and this is one of the main reasons for the stagnant situation in our agricultural production. Therefore, if we want to revive our agricultural economy, if we want to raise our agricultural production, then

* The original speech was delivered in Orissa.

*The Original speech was delivered in Bengali.

we will have to strengthen the capacity of our farmers to make more investment in his land. To do that it is necessary to completely overhaul the Government's pricing policy. Moreover the Government should take over the retail trade in foodgrains in its own hands so that the poor rural folk living below the poverty line, the agricutural labourers, the share croppers, the marginal farmers etc., may get foodgrains at a fair price. Uniform price of foodgrains should also be enforced all over the country.

Sir, most of our farmers, being financially weak, have to fix priorities in the purchase of innumerable articles of his daily need. Should he purchase fertilisers for his land or medicines for his dying son ? Naturally medicine gets the priority. It is not possible for him to purchase fertilisers. If this situation persists, then it will not be possible to increase production however much the Government, may strive.

Therefore, it is very necessary to create new avenues for raising the farmers' income. As I have said earlier, fresh avenues of employment and income could be created for our farmers through correct planning and programmes for the development of poultry farming.......

SHRI KRISHNA KUMAR GOYAL (KOTA): The Treasury Benches are completely empty when we are discussing the Demands for Grants of the Ministry of Agriculture which is a very important Ministry. Only the Minister is their ; there is nobody else on the Treasury Benches.

*(Interruptions)*

AN HON. MEMBER : There is no quorum.

MR. DEPUTY-SPEAKER : Are you raising the question of quorum ?

DR. ZAINAL ABEDIN : No.

SHRI KRISHNA KUMAR GOYAL : All the Treasury Benches are empty. Very strange !

THE MINISTER OF AGRICULTURE (RAO BIRENDRA SINGH) : This only means that the Treasury Benches are fully satisfied with the working of the Agriculture Ministry.

AN HON. MEMBER : The Agriculture Minister does not know Bengali, but he is not listening to the translation.

SHRI ZAINAL ABEDIN : Fresh Avenues of employment and income could be created for our farmers through correct planning and programmes for the development of poultry farming, dairy development, inland fishery etc. But that too has not been done. The absence of a remunerative pricing policy for agricultural products is sounding the death knell for our farmers.

Sir, the sugarcane growers are today in great distress in the matter of prices of sugarcane, in the matter of payment of arrears and in crushing sugarcane. It is feared that in U. P. about 15% sugarcane will not be crushed at all. The growers are not getting payment of hundreds of crores of rupees lying as arrears.

About jute growers, Sir, the small and marginal farmers are not able to sell their jute to the J. C. I. at the support price fixed by Government, in spite of their best efforts. Therefore, they are forced to sell their product to the 'Pharias' at a cheap price. J. C. I. then buys jute from the 'Pharias' Therefore today there is a collusion with the 'Pharias' the big traders and other vested interests and the poor jute growers are being ruined in the process.

The rubber growers, the cotton growers, the tobacco growers, the potato growers are all victims of the same malady today. In this situation if cold storage fecilities, warehousing facilities and marketing facilities are extended properly then it may help the farmers in getting fair price for their product to some extent.

Sir, our rural economy is facing destruction by the repeated onslaughts of droughts and floods. Our industrial

sector or any other sector would have collapsed completely. If they had to face such terrible onslughts repeatedly. In that situation what would the Government have done ? They would have stood by those industries and industrialists with basketfuls of incentives, subsides and all other modes of aid. But what have they done for the agriculture sector which has been called "the biggest private sector" in the country, the sector on which employs 73% of our total work force and which yields 50% of our national income ? Has the Government stood by them with the same liberal and large hearted attitude ? The answer is no ! What incentive have they given to the farmers ? Only hunger and starvation. You may say that you have given some 'mini-kits' ! But how many are they and what percentage of the farmers have received them ? The amount of emphasis and priority that should have been accorded to soil conservation and water management programmes to combat floods and drought, have not been done till this day. One eighth of our geographical area i. e., about 40 million hectares are flood prone. Every year 8 million hectares are devasted by floods on an average. The amount of loss suffered on account of floods since 1953 runs into Rs. 10,000 crores. In 1978 alone the quantum of loss was to the tune of Rs. 1455 crores.

But from 1953 to 1979, in these 26 years, the amount spent for flood control programmes is only Rs. 976 crores. Every year 1440 million acre feet water goes waste in our country. This vast amount of water causes soil erosion on its way. As a result of this various tanks, reservoirs and rivers are getting silted up and their capacity of holding and conserving water is being dangerously eroded. Sir, I have previously referred to a seminar on Indian Agriculture organised at the Tamil Nadu Agricutural University. Shri C. Subramaniam, former Minister of Agriculture presented a theme paper at that seminar. I am quoting from that theme paper the relevant portion in this context. He said, "Dr. M. S. Swaminathan has cited some grim statistics in this regard. The storage capacity of Nizam Sagar lake in Andhra Pradesh has been reduced by 63% in 44 years, of Mayurakshi and Maithan reservoirs by 10% in 20 years, of Panchet by 12% in 19 years and of Bhakra by 6% in 16 years. In short, even as the demands on the soil for more food become acute, our soil wealth will be getting badly diluted. Simultaneously our capacity to store water had use it for power generation and irrigation will decline. This is a doomy prospect indeed."

Sir, for the development of agriculture and for the betterment of the farmers the most important issue is that of land reforms. Since the 1950's the Government has ceaselessly talked about land reforms. In the Sixth Plan document also, there is forceful commitment for effecting land reforms and for giving ownership of land to the actual tiller. The shortcomings of the ceiling laws and the drawbacks in their implementation have also been discussed. It has been said, that for the success of the 'eradication of poverty' programmes redistribution of land is essential. Sir, in the seminar held in the Tamil Nadu Agricultural University as I have stated earlier you also stressed on radical redistribution of land. But as usual they are bypassing the issue. The third year of the Sixth Five Year Plan is practically over. How far has the land reform programmes been implemented ? But according to the pronouncements of the 6th Plan the work of land reform should have been over by 1982-83. In the 4th point of the 20-point programme mention has been made of land distribution. What is the progress of land reform programmes ? It is no where near about the targets. What is the quantum of surplus land in the country ? The Government figures according to amended ceiling laws is 53 lakh acres. In a country where about 40% of the cultivated land is concentrated in the hands of only 5 of landowner families, it is difficult to comprehend why the quantum of surplus land would not be much more than only 53 lakh acreas. The surplus land is so little only because these big jotedar groups have been allowed to transfer their holdings illegally or to enter in 'Benami' transactions. However, out of these 53 lakh acres only 41.91 lakh acres have so far been declared as

[SHRI ZAINAL ABE DIN]

surplus. Therefore what has happened to the remaining 11 lakh acres or more ? Out of these 41.91 lakh acres, Government has taken possession of 27.86 lakh acres and the land actually distributed among the landless is only 19.74 lakh acres. In the last year of the land reforms implementation programme this is the overall achievement. You may cry hoarse about making land reforms but in fact you have bade it a 'goodbye.' The second land reforms (amendment) Bill of the West Bengal Government is lying for over one year and a half for the President's assent. If this Bill is passed then over 6 lakh acres of surplus land will be available for distribution. The Kerala Gift Deed (Amendment) Bill which was passed unanimously in the Kerala Legislature is also lying for the President's approval for over a year and a half. If this Bill gets the President's approval then here too a good amount of land will be available for distribution. But assent is being withheld. These instances go to show the sincerity of the Government in the matter of land reforms. The people have also come to know who are those that are standing in the way of implementing land reform programmes.

Sir, no forest policy can be successful if in the forest areas, the local people's interests are not kept in the forefront. Their hopes and aspirations and their should needs be kept in view and their active cooperation should be ensured in framing the forest policy. Without this no forest policy can be successful. The imperialists as in all other countries, in India also, reduced the rights and control of the local residents and forest dwellers over the forest areas. This was done under the pretext of scientific management of forests with a view to achieve their imperialist interests and to extend their monopolistic control over the forest products. Sir, in every advanced country, a large portion of their geographical area is devoted to forests. But in the developing countries which were once a colony of the imperialists, there the forest areas are much less than what is necessary and in these countries every year the forest areas are shrinking at the rate of 5 to 10 million hectares. It is a matter of regret that even today we have failed to adopt a healthy forest policy which is in favour of the local people's interests and which is free from the imperialists' influence. The policy for planting fast growing varieties of trees have been adopted for meeting the requirements of firewood and raw materials for forest based industries. Keeping this policy in view, in different forest areas, particularly in Bastar forests of Madhya Pradesh the aged 'saal' trees are being extensively felled and they are being replaced by pine trees. As a result of this the Eco-system of the area and the wild life of the area as well as the economy of the local tribal people are all being destroyed. The tribal people are being forced to offer themselves as labourers to the big industrialists. A programme for planting Eucliptus and paper mulberry trees all over the Terai area has been adopted. But what effect will it have on the condition of the local people have not been mentioned anywhere. Due to all these reasons today the forest department is facing tremendous opposition from the local people and the tribals in the matter of afforestation and conservation of forests. But it is proven fact that if the forest policy is implemented for the good of the concerned people and with their cooperation, then the attack on the forests and the damage of the forest areas will be reduced to a great extent. The working plan of Uttar Kashi also admits this fact. Therein it has been said, "Wherever the oak forests were entrusted to the nearby villagers who were authorised to appoint chowkidars, the oak trees have been well protected, there has been no specific damage and lopping has been done systematically."

Therefore it is seen that the local people are not enemies of our forest wealth. The custom of exploiting the forest wealth through the contractor system is only spelling ruin for the forests. That is why the 'Dhobar Committee' had recommended the eradication of the contractor system for forests. But that has not been implemented till today. The forest development Corporation has failed to emerge as an alternative to the contractor system. This Corporation adopts the same methods as the contractors in their working with a view to earn maximum profits. Like the contractors they also

pay very little wages to the labourers and they import cheap Nepali labour from outside.

Sir, only two days age severe damage has been caused by widespread heavy rains and cyclonic storm. We see no indication that the Central Government will play its desired role in the context of the extensive losses. Generally in such a situation it is said that responsibility for relief and rehabilitation lies with the State Governments. But, Sir, events have proved that the State Governments do not have requisite capacity to combat natural calamities of this magnitude. I will therefore urge the Central Government to play its appropriate role for relief of the affected people.

Sir, the year 1982 was the 'year of productivity'. This year of productivity has unfortunately turned into a 'year of failure'. Along with this, this year was also the first year of the 20-point programme. In the very first year, the achievements are practically nil. The first year is also the year of enthusiasm. This enthusiam will not be there in the coming days. Then what will happen to this 20 point programme can be easily imagined. Therefore we can say that in the 20 point programme there is one unwritten and unpublicised 21st point also in which it has probably been said that points 1 to 20 are for publicity alone and not for implementation. This 21st point alone has been effectively implemented.

Sir, the agricultural policy adopted and followed by the Government has completely shattered the rural economy during the past 30 years. It has spelled total ruin for our farmers. The demands that are presented for the total ruin of the farmers cannot be supported. Therefore, I oppose these demands.

SHRIMATI GEETA MUKHERJEE (PANSKURA) : We are 26 only here including you and the hon. Minister. There is no quorum.

MR. DEPUTY SPEAKER : Are You raising the question of qourm ? In the next five minutes lunch hour is going to start. Normally during lunch we do not raise such a question. Are you pressing for quorum ?

SHRIMATI GEETA MUKHERJEE: Day after day this is happening. I am not pressing, I am drawing your attention and the attention of the treasury benches. The hon'ble Minister is actually feeling companionless.

SHRI RANA VIR SINGH (KAISARGANJ) : Nobody was there on the opposite side in the morning.

MR. DEPUTY SPEAKER : Shri Nagina Rai.

**श्री नगीना राय (गोपालगंज)** : मान्यवर, सदन में जो कृषि मन्त्रालय की अनुदान की मांगें पेश की गई हैं, मैं उनका समर्थन करता हूँ। हमारे देश में खेती करीब 44 करोड़ एकड़ जमीनें में होती है। सिंचाई के साधन केवल 15 करोड़ एकड़ में ही उपलब्ध हो पाए हैं। देश की जनसंख्या 70 करोड़ के लगभग है। अत: प्रति व्यक्ति जमीन आधा एकड़ से थोड़ी ज्यादा पड़ रही है। हम इस मामले में दुनियाँ में खुशनसीब हैं कि हमें सूर्य की रोशनी सालभर मिलती हैं। अत: हमारे अन्दर सालभर फसल उगाने की क्षमता है। हमारी खेती वाली जमीन अमरीका की खेती वाली जमीन के बराबर है। हमारे कृषकों में क्षमता है कि अन्न पैदा कर अपने देश के लोगों को खिलाकर भारी मात्रा में अन्न निर्यात कर एक ठोस रकम विदेशी मुद्रा के रूप में अर्जित कर सकते हैं। कृषि हमारी राष्ट्रीय समृद्धि का आधार है। इसके लिए किसान भाइयों के प्रति हम सबकी एक खास जिम्मेदारी है। उनके आर्थिक विकास, रहन-सहन के स्तर में सुधार तथा कृषक परिवारों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए हमें कुछ ठोस कदम उठाने होंगे। हमारी प्रधानमन्त्री श्रीमती इन्दिरा गाँधी जी को किसानों की आर्थिक स्वतन्त्रता के लिए बड़ी चिन्ता है और इसीलिए इन्दिरा जी ने 20 सूत्री कार्यक्रम के अधिकांश मुद्दों को कृषि तथा कृषकों के उत्थान के लिए रखा है। प्रथम मुद्दे में सिंचाई क्षमता की वृद्धि तथा सूखी जमीन पर खेती से सम्बन्धित तकनीकी जानकारी तथा उपकरण आदि तैयार कर किसानों तक पहुँचाने की

[श्री नगीना राय]

व्यवस्था है । दूसरा मुद्दा भी दालों और तिलहन का उत्पादन बढ़ाने के लिए है । अन्य मुद्दे भी ग्रामीण विकास तथा राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार, कृषि भूमि की हदबन्दी एवं फालतू जमीन का बँटवारा, खेतीहर मजदूरों को न्यूनतम मजदूरी बेघर लोगों के लिये घर, पीने का पानी, स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार, उचित दर की दुकानों की बढ़ोत्तरी आदि हैं ।

आज भी हमारे किसान ऋण के बोझ से लदे हुए हैं । भारत को इधर एक दो वर्षों में अन्तर्राष्ट्रीय बाजार से अनाज खरीदना पड़ा है । अभी हाल में भी प्रधानमन्त्री जी ने मुख्यमन्त्रियों के सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए कहा कि देश अनाज के आयात को वहन नहीं कर सकता, भले ही वह संचित भण्डार में कमी को पूरा करने के लिए ही क्यों न हो । हमारा देश एक बहुत बड़ा देश है । इसमें भिन्न-भिन्न प्रकार की जलवायु, मिट्टी, खेती के तरीके तथा किसानों का खर्च है । बाढ़ तथा सूखा भी इस देश के लिए एक बड़ी समस्या है । फिर भी पिछले बीस वर्षों से जो उपलब्धि हमने हासिल की है उससे लगा कि देश खाद्यान्न के मामले में आत्म-निर्भर हो गया है । लेकिन आत्म-निर्भरता में टिकाऊपन अभी नहीं है । भारत में कृषि पर बहुत संकट भी रहता है । आज भी खेती मानसून के हाथ में है ।

Indian Agriculture is a gamble in the hands of monsoon. यहाँ रिस्क बहुत है । बाढ़, सूखा, कीड़ों का प्रकोप, पत्थर-ओले आदि से खेती की भारी मात्रा में बरबादी हो जाती है । यह भी स्पष्ट है कि पूँजी की भूख से भारत की खेती बराबर तड़पती रही है । यहाँ आधुनिक खेती के लिए 1125 बिलियन रुपया चाहिए । साधारण किसान के पास गल्ला रखने की क्षमता नहीं है और सरकारी गोदामों की संख्या नगण्य होने के कारण तथा स्टोरेज के इन्फ्रास्ट्रक्चर की कमी के कारण, किसानों की आर्थिक कमजोरी के कारण कम दाम में डीस्ट्रेस सेल करना पड़ता है ।

गाँवों में कृषि विकास, उद्यान विकास, पशु-पालन, स्वास्थ्य सेवा विस्तार, परिवार कल्याण, आधुनिक शिक्षा, यातायात की सुविधा, स्वच्छ पेय जल की समुचित व्यवस्था आदि की मद में बजट में किए गए प्रावधान को और बढ़ाना होगा । राष्ट्रीय आय कृषि से 40 % आती है तथा निर्यात में 60 प्रतिशत की आमदनी कृषि उत्पादन तथा कृषि पर आधारित उद्योगों के जरिये से होती है । अभी देश में मार्केटिंग, स्टोरेज, प्राइस सपोर्ट, प्रोसेसिंग आदि का समुचित एवं ठोस इन्फ्रास्ट्रक्चर नहीं बन पाया है। कृषकों के लिए कृषि आकर्षित सेवा का एक अङ्ग बने, यह देखना होगा । भारत में कृषि पर आधारित लोग उद्योगों में लगे लोगों की तरह या सरकारी सेवा में लगे लोगों की तरह संगठित नहीं हैं । अत: उनकी माँगों पर जोरदार ढंग से कदम नहीं उठाया जाता है और न वे अपनी माँगों तथा जटिल समस्याओं के लिये उनकी तरह हथकन्डों को ही अपना सकते हैं । वे शहरी तथा उद्योग में लगे लोगों तथा सरकारी कर्मचारियों के जीवन-स्तर एवं रहन-सहन को देखते हैं । अपनी कड़ी मेहनत के बाद भी स्थिति को देखते हैं तो उन्हें बड़ी निराशा महसूस होती है और उसी के चलते रहने से आज किसान उदासीन हो रहे हैं और उत्पादन में भी जो तीव्र गति से बढ़ोत्तरी हुई थी उसमें रुकावट आ गई है और कुछ वर्षों से हमारा उत्पादन भी स्टैगनेन्ट हो गया है ।

भारत में कृषि द्वारा उत्पादित वस्तुओं के मूल्य निर्धारण करते समय कृषि में जो रिस्क है उसे भी ध्यान में रखना होगा । कृषकों को लाभप्रद मूल्य मिले तभी वे उत्साहित होकर कृषि कार्य को रुचि पूर्वक चला सकते हैं । गाँवों को भी शहरों की तरह आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित कर आकर्षक बनाना होगा । खाद्यान्न, तिलहन, दलहन, ईख, आलू, प्याज, हल्दी, मिर्च, कपास, जूट आदि के उचित मूल्य समय पर मिलें, इसकी पूर्ण व्यवस्था करनी होगी । साथ ही पशु-पालन, पशु नस्ल सुधार तथा उन्नत कोटि के पशु प्रजनन केन्द्रों का विस्तार एक कालबद्ध योजनानुसार बड़े पैमाने पर किया जाय और उपयोगी एवं वरिष्ठ पशुओं की हत्या रोकने के लिये ठोस कानूनी व्यवस्था की जाय ।

खाद्यान्न का उत्पादन 1950 में 60·8 मिलियन टन था । 1967-68 में 91·1 मिलियन टन, 1976-77 में बढ़कर 111·2 मिलि-

यन टन, 1978-79 में 131·4 मिलियन टन पर पहुँच गया। हम 1977 में आत्म-निर्भर हो गए थे और इम्पोर्ट भी समाप्त हो गया था। पहली बार हमने 1977 में 136 हजार मैट्रिक टन गेहूँ रूस को वापस लौटाया। यह हमारी प्रधानमन्त्री की प्रगतिशील नीतियों के चलते हुए ही हुआ। इसी बीच में जनता पार्टी की सरकार आ गई। उनकी गलत नीतियों की वजह से 1979-80 में पैदावार घट कर 115 मिलियन टन पर आ गई और उत्पादन में भारी गिरावट हुई। जनता पार्टी ने विकास के कामों को बन्द कर दिया और दूसरे कामों में लग गयी। उनकी कुर्सी की लड़ाई ने मुल्क को बहुत पीछे ढकेल दिया। उसके बाद जनता ने जनता पार्टी का सफाया कर इन्दिरा जी को गद्दी पर बैठाया और उसके बाद से ही विकास का कार्य तेजी से बढ़ने लगा। अब 1981 में खाद्यान्न का उत्पादन 130 मिलीयन टन हुआ तथा 1982 में 132 मिलीयन टन हुआ। शुगर के मामले में हम दुनियाँ में एक बड़े उत्पादक देश गिने जाते थे। 1977 में चीनी का उत्पादन 4840 हजार मीट्रिक टन हुआ जिससे हमने 312 हजार मीट्रिक टन एक्सपोर्ट कर 85·75 करोड़ विदेशी मुद्रा अर्जित की। 1978 में 177 मिलीयन टन शुगर केन का उत्पादन हुआ। जनता पार्टी के राज में ईख का दाम साढ़े 12 रुपए क्विंटल से घट कर 10 रुपए क्विंटल हुआ तथा 1979 में 128 मिलीयन टन उत्पादन हुआ। हमारी सरकार आई और ईख का दाम बढ़ाया गया। 1980-81 में 150·5 मिलीयन टन ईख की पैदावार हुई। 1981-82 में 180 मिलीयन टन का रिकार्ड उत्पादन हुआ। इस साल 1982-83 में 185 मिलीयन टन उत्पादन होने की सम्भावना है। सरकार ने जो ईख मूल्य का भुगतान तथा पिराई के लिए आदेश दिया है, उसका मिल-मालिक ठीक से पालन नहीं कर रहे हैं। शीघ्र भुगतान तथा पिराई अवधि को जून 1983 तक बढ़ाने के लिये कार्यवाही होनी चाहिए वरना ईख की कुछ फसल खेतों में ही रह जायेगी। नये चीनी मिल का लाइसेन्स न देकर 1965 में गठित सेन चीनी जाँच आयोग की रिपोर्ट पर अमल किया जाय। चीनी उद्योग के पुनः संचालन एवं आधुनिकीकरण पर जोर दिया जाय। वर्तमान चीनी मिलों के विस्तार पर जोर दिया जाय तथा तत्काल ही नये लाइसेन्स बन्द किए जाएँ।

पूर्वी उत्तर प्रदेश एवं उत्तरी बिहार में गन्ना ग्रामीण अर्थव्यवस्था का मेरूदण्ड है। पूरे भारत में 113 चीनी मिलें विस्तार के लायक हैं, इनमें 37 पूर्वी उत्तर प्रदेश और 28 बिहार की है, क्षमता से कम उत्पादन के कारण 300 करोड़ की हानि हर साल होती है और सरकार को 45 करोड़ का नुकसान उत्पादन शुल्क एवं अन्य करों से होता है। अब महाराष्ट्र की दस संयुक्त इकाइयों में भी घाटा आने लगा है। महाराष्ट्र में भी घाटे की सीमा 45 करोड़ रु० तक पहुँच गई है। इस आलोक में क्षमता उपयोग की कमी को ध्यान में रख कर मौजूदा चीनी मिलों के विस्तार एवं आधुनिकीकरण को ही प्राथमिकता देनी चाहिए। बन्द मिलों को भी चालू कराया जाय।

तिलहन एवं खाद्य तेल की देश में बड़ी कमी है। अभी देश 1 मिलियन टन आयात कर रहा है जिस पर मुल्क का 600 करोड़ रु० विदेशी मुद्रा के रूप में खर्च हो रहा है। प्रधान मन्त्री के 20 सूत्री आर्थिक प्रोग्राम में इस पर काफी ध्यान दिया गया है और हम जहाँ 1980-81 में 9.4 मियीयन टन तिलहन पैदा किये वहां 1981-82 में 11.5 मिलियन टन पैदा किये हैं। तिलहन पर कीड़ों का प्रकोप बहुत होता है। अतः मलेरिया इरेडिकेशन प्रोग्राम की तरह कीट नाशक दवाइयों का फ्री स्प्रे कर लाही आदि कीड़ों के प्रकोप से तिलहन फसल को बचाया जाय। इसमें खुशी की बात है कि सरकार मदद दे रही है। कृपया उसे और बढ़ाया जाय।

वैज्ञानिक कृषि के लिये कृषि औजार भी बहुत जरूरी हैं। लेकिन एक 5 एकड़ खेत जोतने वाला किसान आधुनिक कृषि यन्त्र की बात सोच भी नहीं सकता है। एक ट्रैक्टर एक लाख रु० में मिल रहा है। कृषि उत्पादन के दाम सरकार या पूंजीपति तय करते हैं और कृषि औजार का दाम बनाने वाले तय करते हैं। विक्रय मूल्य बहुत कम खाद्यान्न का तय होता है और इसके अनुपात में कृषि औजारों का मूल्य दुगना तय होता है। जब कृषि मूल्य

[श्री नगीना राय]

आयोग कृषि उत्पादनों के मूल्य तय करता है तो उसे ही कृषि उपकरणों एवं सामग्री के मूल्य निर्धारण का भार सौंपा जाय। ए० पी० सी० का वही सुझाव लागू होता है जो उपभोक्ताओं को सूट करता है, और जो उत्पादकों के लिये इनपुट का दाम कम करने का सुझाव है उस पर अमल नहीं हो रहा है। इधर इन्डेक्स आफ प्राइसेस आफ ऐग्रीकल्चर इनपुट्स में काफी बढ़ोत्तरी हुई है। अतः किसानों को लाभप्रद मूल्य मिले इसकी व्यवस्था होनी चाहिये तथा मूल्य निर्धारण में जमीन का दाम भी जोड़ना चाहिये।

पैदावार बढ़ाने के लिए रासायनिक उर्वरक का भी महत्वपूर्ण स्थान है। यह एक आवश्यक साधन है, परन्तु उर्वरक का मूल्य बहुत बढ़ गया है। फिर भी भारत में उर्वरक का इस्तेमाल बहुत बढ़ा है। 1963-64 में कुल खपत लगभग साढ़े 5 लाख टन थी। वह वह 1980-81 में 55.2 लाख टन हो गई और 1981-82 में 61.3 लाख टन हो गई। फिर भी हम खाद के इस्तेमाल में दुनिया के उन्नत देशों से बहुत कम कर रहे हैं और पूरा-पूरा वैज्ञानिक डोज देने में आर्थिक कठिनाई के चलते असमर्थ हैं। सरकार सरकारी संस्थाओं को पहले सूद में जो छूट देती थी उसे बन्द कर दिया है। उसे पुनः चालू किया जाय। बिहार में विस्कोमान उर्वरक का बहुत बड़ा कारोबार कर रहा है। विस्कोमान का काम बहुत सराहनीय है। परन्तु बिहार में उसके पास 30 करोड़ से भी ज्यादा खाद की पड़ी हुई है जिस पर सूद लग रहा है। अतः सूद में सबसिडी दे कर इस सहकारी संस्था को घाटे से बचायें। मैंने पहले ही कहा है कि भारत की खेती आर्थिक भूख की आग में तड़प रही है। वहाँ आधुनिक खेती के लिये 1125 बिलियन रु० चाहिये। कृषि ऋण के लिए आर० बी० आई० एक बहुत बड़ा स्रोत है। सहकारिकता के माध्यम से जो ऋण दिया गया है वह इस प्रकार है। 1980-81 में शोर्ट टर्म लोग 1456 करोड़, मीडियम और लोंग टर्म लोन 486 करोड़ कुल योग 9ı2 करोड़। 1981-82 में 1603 करोड़ शोर्ट टर्म लोन के रूप में और 553 करोड़ मीडियम और लोंगटर्म लोन के रूप में। कुल योग 2256 करोड़। 1982-83 के शोर्ट टर्म लोन के रूप में 2082 करोड़ और मीडियम तथा लोंग टर्म के रूप में 682 करोड़ रु० दिया गया। कुल योग हुआ 2764 करोड़।

सहकारी बैंक्स और कमर्शियल बैंक्स को मिलाकर कृषि के लिये 1980-81 में 3377 करोड़ रु० और 1981-82 में 3800 करोड़ रु० दिया। इस पर किसानों तक पहुँचने पर सूद 14 परसेंट पड़ जाता है। सूद का दर कम कराया जाय थाइलैंड में सूद कृषि के लिये एक परसेंट, जापान, कोरिया, जर्मनी आदि में 5% पर कृषि के लिये ऋण उपलब्ध है। भारत के पूर्वी राज्यों के लिये आर०बी०आई० अलग माप-दण्ड अपनाये। ये पूर्वी राज्य जैसे बिहार, असम, उड़ीसा, बंगाल आदि खेती में उन्नत नहीं हैं। अतः पंजाब, हरियाणा, महाराष्ट्र, गुजरात का मापदण्ड यहाँ आर० बी० आई० लागू न करे, बल्कि उसे सरल बनाये। अभी आर० बी० आई० 1400 करोड़ रु० कृषि के लिये ऋण दे रहा है जिसमें बिहार को 30 करोड़ ही मिल पाता है। जब बिहार देश का एक बटे 10 हिस्सा जनसंख्या वाला प्रान्त है तो उसे इस अनुपात में 140 करोड़ रु० मिलना चाहिए।

किसानों के प्रशिक्षण की भी आवश्यकता है। जिससे वे कीट नाशक दवाओं तथा खाद का उचित इस्तेमाल कर सकें और वैज्ञानिक आधुनिक खेती कर सकें।

खाद्यान्न का उत्पादन अभी वर्तमान में निम्न प्रकार है और लक्ष्य इस प्रकार है;

| | वर्तमान | 1984-85 का टारगेट |
|---|---|---|
| सीरियल | 116.24 मिलियन टन | 139.10 मिलियन टन |
| तिलहन | 11.61 मिलियन टन | 14.50 मिलियन टन |
| खाद्य तेल | 2.50 मिलियन टन | 3.50 मिलियन टन |
| दूध | 30.00 मिलियन टन | 37.00 मिलियन टन |

सदन में जो बजट पेश हुआ है उसमें 1983-84 में 10,000 करोड़ रु० 20 सूत्री प्रोग्राम पर खर्च करने का प्रावधान है।

इसमें कृषि पर 608 करोड़ रु० की व्यवस्था है, जिसमें 200 करोड़ रुपए राष्ट्रीयकृत बैंकों, कृषि और देहाती क्षेत्रों के विकास के भी शामिल हैं। बजट में कृषि पर 608 करोड़ रुपये, एनर्जी पर 5013·63 करोड़ रुपये उद्योग एवँ खनिज पर 2966·72 करोड़ रुपये, परिवहन पर 2174 करोड़ रुपये तथा कम्युनिकेशन्ज और इनफर्मेशन तथा ब्राडकास्टिंग पर 693 करोड़ रुपये रखे गये हैं। इससे स्पष्ट है कि कृषि के लिए और अधिक प्रावधान करना चाहिए।

इस बजट में फसल बीमा के लिये केवल एक करोड़ रुपये की ही व्यवस्था है, जो बहुत कम है। उन्नत बीज पर भी जोर दिया गया है। छठी योजना में 40.86 करोड़ रुपए का उपबन्ध है, जबकि पाँचवीं योजना में 14.6 करोड़ रुपये की व्यवस्था थी। खाद्यान्नों के अन्तर्गत अनाज, दलहन और तिलहन की उन्नतिशील जातियों तथा खेती के उन्नत तरीके कृषि अनुसंधान द्वारा विकसित किये जा चुके हैं। लेकिन अनुसंधान में प्राप्त किये गये आँकड़ों और वास्तविक उत्पादन के बीच काफी अन्तर है। गेहूँ की औसत पैदावार अनुसंधान केंद्रों में प्रति-हैक्टर में 40,45 क्विटल है, जबकि किसानों के यहाँ 20 क्विटल प्रटि-हैक्टर है। इससे स्पष्ट है कि उपज बढ़ाने की क्षमता हमारे देश में है। नई किस्मों को अधिक से अधिक भागों में फैलाया जाये, जिससे भूमि का सदुपयोग हो सके। 1980-81 में अधिक उपज देने वाली किस्में केवल 11 करोड़ एकड़ में ही लगाई गई थीं। दलहन की भी कम दिनों वाली फसलें उपलब्ध हैं, जो उपज बढ़ाने के साथ-साथ फसल-चक्र में भी सुविधापूर्वक बैठती हैं। इसे खेती की उर्वरकता बनाए रखने में लगाना बहुत जरूरी है।

धान के लिये इन्टरनैशनल राइस रिसर्च इन्स्टीच्यूट, फिलीपीन्ज से फ्लड रेसिस्टिंग वैरायटी, डीप वाटर वैरायटी, ड्राउट रेसिस्टिंग वैरायटी के अनुसन्धान का फायदा उठा कर यहाँ लगाने की व्यवस्था करनी चाहिये।

खेती आज दुनिया में लाभप्रद व्यवसाय नहीं है। अमरीका में खेती सबसिडी पर चलती है। 1890 में जहाँ अमरीका में 95 प्रतिशत लोग खेती पर थे, अब केवल 5 प्रतिशत लोग खेती पर हैं और वे भी खेती छोड़ना चाहते हैं। जापान में 8 प्रतिशत लोग खेती पर हैं और कोई भी ऐसा परिवार नहीं है, जो केवल खेती पर हो।

अब मैं कुछ ठोस सुझाव और देना चाहता हूँ। रोग फैलने पर कीटनाशक दवाओं का बड़े पैमाने पर मुफ्त छिड़काव किया जाय। ए०पी० सी० में वास्तविक किसानों के प्रतिनिधि रहें, जो खुद खेती करते हों। 1000 जनसंख्या वाले गाँवों को पक्की सड़क से जोड़ा जाए। सो आयल टेस्टिंग लैबारेटरी पंचायत लेवल पर स्थापित की जाएँ। कृषि के लिये कर्जा 5 प्रतिशत सूद पर उपलब्ध कराया जाय। एग्रीकल्चरल इनपुट्स के दाम नियन्त्रित हों। पशुपालन, दुधारू गाय-भैंस के लिये कृत्रिम गर्भाधान केन्द्र उच्च कोटि की नस्ल पैदा करने के लिये पंचायत लेवल पर स्थापित हों। बाढ़ नियन्त्रण का भार केन्द्र ले। प्राइवेट बोरिंग में जो सबसिडी अभी मिल रही है, उसे जारी रखा जाये। 10,000 जनसंख्या पर गोदाम निर्माण हो। उन्नत बीज के भंडार बढ़ाए जाएँ।

मैं कृषि मन्त्री को धन्यवाद देता हूँ कि एक कृषक होने के नाते उन्होंने कृषि के विकास और उन्नति पर बड़ा जोर दिया है, लेकिन इस पर और भी जोर देने की जरूरत है।

इन शब्दों के साथ में कृषि मन्त्रालय की माँगों का समर्थन करता हूँ और आपको धन्यवाद देता हूं।

**चौधरी मुलतान सिंह (जलेसर)** : उपाध्यक्ष महोदय, 1983-84 की अनुदान माँगों पर चल रही इस बहस में मैं बजट की कमियों की तरफ ध्यान दिलाने और कुछ सुझाव देने के लिए खड़ा हूँ।

असल बात यह है कि आजादी के बाद से इस देश में यह जो सरकार रही है, वह किसानों की दुश्मन और उद्योगपतियों की साथी रही है। उसने उद्योगों को हमेशा बढ़ावा दिया है और किसानों को कुचला है। उसने गेहूं का भाव 151 रुपए तय किया है। इससे दो महीने पहले गेहूं रुपए 300 के भाव पर बिक रहा

[चौधरी मुलतान सिंह]

था। गेहूं पैदा करने वाला भी भूखा मर रहा है और खाने वाला भी भूखा मर रहा है। बिचौलिए दलाल या उद्योगपति पनप रहे हैं। सरकार के लिए यह शर्म की बात है।

सही बात यह है कि इस सरकार की नीति गलत है। वह पहले यह तय करती है कि बाजार में चीनी किस भाव पर बेचनी है, फिर मजदूरी तय करती है और बचा-खुचा पैसा किसानों देती है। हमारे यहाँ गाँवों में कारज, ब्याह-शादी में पहले नौथारों यानी मेहमानों को लिखाते हैं और आखिर में भिखारियों को बुला लेते हैं। उद्योगपति इस सरकार के नौथारे हैं। पहले वह उद्योगपतियों के हितों का ध्यान रखती है और बचा-खुचा किसानों के सामने डाल देती है वह किसानों को भिखारी समझ रही है। लेकिन हम इतने बेशर्म हैं कि फिर भी उसको वोट दे देते हैं। यही हालत जूट की है। सरकार टाट के दाम पहले लगा लेती है, फिर मजदूरी भी तय कर देती है और उसके बाद बचा-खुचा पैसा किसानों को देती है।

गेहूं कन्ट्रोल में कितने पर बेचेंगे और कितना खर्चा आयेगा, इसका हिसाब-किताब लगाने के बाद बचा-खुचा किसानों को डाल देते हैं। मेरा सुझाव है कि खेती को भी एक इण्डस्ट्री माना जाए और जिस तरह से इण्डस्ट्री में उद्योगपति अपना खर्चा लगाता है वैसे ही किसानों का खर्चा जोड़ कर किसान के अनाज के मूल्य तय किए जायें। यह सरकार यहाँ पर तो वायदा करती और हमेशा कहती है कि फसल बोने से पहले ही दाम निर्धारित कर दिए जायेंगे लेकिन ऐसा कभी नहीं करती है। इसका कारण यह है कि सरकार के दिल में चोर है। वह सोचती होगी कि अगर कम भाव पहले से तय कर दिए गए तो किसान उस चीज को नहीं बोयेगा।

दूसरी बात यह है कि जब हर चीज का बीमा किया जाता है तो किसान की खेती का बीमा क्यों नहीं किया जाता है? किसान की फसल का भी बीमा होना चाहिए।

एक मिलास मैं आपको और देना चाहता हूं। अभी कुछ दिन पहले उद्योगपतियों की मीटिंग हुई थी और उसी दिन किसानों का सेमिनार भी हुआ था। हमारे अध्यक्ष महोदय जो कि इस देश की प्रथम पंचायत के अध्यक्ष हैं, सर्वश्रेष्ठ हैं, वे तथा माननीय कृषि मन्त्री जी उस सेमिनार में गए थे और उसके अलावा उसी दिन उद्योगपतियों का भी सेमिनार था। रेडियो और टी वी पर फिक्की के अध्यक्ष की बातें एक घंटे तक आती रहीं लेकिन उसी दिन जो किसानों का सेमिनार हुआ था, जिसके अध्यक्ष हमारे लोकसभा के अध्यक्ष थे तथा उनके अतिरिक्त वहाँ पर कृषि मन्त्री एवं अन्य मंत्री भी उपस्थित थे, उनके बारे में एक लफ्ज भी रेडियो या टी वी पर नहीं आया। इसका मतलब यह है कि यह सरकार उद्योगपतियों के साथ मिलकर इस देश के किसानों के साथ कोई षड्यन्त्र रच रही है। उसके बाद अखबारों में भी उद्योगपतियों के सेमिनार के बारे में तो पन्ना भर कर छापा गया परन्तु किसानों के सम्बन्ध में केवल दो लाइनें ही छापी गईं। फिक्की के अध्यक्ष ने यह कहा कि कुछ कम्पनियों को भी जमीनें दे देनी चाहिए खेती करने के लिए ताकि बाहर से दाल और तेल जैसी चीजें न मंगानी पड़े। मालूम ऐसा होता है कि इस सरकार का कोई षड्यन्त्र है इसलिए उसने फिक्की के अध्यक्ष से ऐसी बात कहलवाई है। ऐसा लगता है कि स्टैलिन से पहले जो रूस की हालत हो गई थी वही हालत यह सरकार इस देश में पैदा करना चाहती है। रूस में भी पहले बड़े-बड़े जमींदारों के 2-2 लाख के फार्म थे लेकिन आखिर में नतीजा यही हुआ कि साइबेरिया में उनको फेंकवा दिया गया। चाइना में भी क्रांति से पहले बीस साल तक इसी प्रकार की दशा रही थी और वहाँ भी जो नतीजा हुआ वह सभी को मालूम है। यहाँ के भी उद्योगपति और इस सरकार के एजेंट भी शायद वहीं पर पहुँचेंगे। (व्यवधान) यह सरकार हमेशा ही किसानों के विरुद्ध रही है। यह सरकार एक बूढ़ा भैंसा है या काला कौवा है जोकि खाता किसानों के खेत में है और गोबर करता है उद्योगपतियों के घर में। वह अपनी खाद भी किसानों को नहीं देना चाहता। उसी प्रकार की हालत इस सरकार की है। या तो फिर सरकार फिक्की के अध्यक्ष को ही हमारी सारी जमीन दिलवा दे या फिर हम लोग ही दस हजार एकड़ जमीन दो सौ रुपए बीघा किराया लेकर उनको जमीन दे देंगे।

नहीं तो आप ऐसा करिए कि उद्योग किसानों को दिला दीजिए और उनको भेज दीजिए खेतों में, तो सारा झंझट खत्म तो जायगा । पंतनगर, कानपुर, और अन्य फार्मों का खर्चा आप जोड़ते हैं और जोड़कर पांच रुपए किलो में बेचते हैं और हमें देते हैं डेढ़ रुपया किलो, तो क्या कारण है कि फिर भी पंतनगर में 22 करोड़ रु० का नुकसान है ? इसलिए मैं कहना चाहता हूं कि जब तक आप लागत मूल्य नहीं जोड़ेंगे तब तक समस्या का समाधान होने वाला नहीं है। इसका नतीजा यह होगा कि देश में बगावत होगी और चाइना जैसी वार होगी और उद्योग-पतियों के महल और लोकसभा का पता नहीं चलेगा। सरकार को यह घमण्ड है कि सरकार हमारी है और किसान को यह घमण्ड है कि हथियार सारे हमारे हाथ में हैं । तो आप जानते हैं कि बंधी बुहारी लाख की और खुली तो खाक की । गालिब ने भी बहुत दिन पहले लिख दिया था कि जमहूरियत में बन्दे गिने जायेंगे, तोले नहीं जायेंगे । उनका गुण नहीं देखा जायगा ? कृषि मन्त्री हमारे राव साहब हैं, देश में किसान हैं, लेकिन उत्पादन का भाव मिनिस्ट्री तय करेगी । ऐसे-ऐसे आदमी वहां पर बैठे हुए हैं जिनके बाप-दादों ने कभी बाजरा और जौ की बाल नहीं देखी होगी, जिनको यह पता नहीं होता कि बाजरा और जौ की बाल में क्या फर्क होता है। इसलिए मैं चाहता हूं कि हर डिस्ट्रिक्ट लैवल और हर प्रदेश लैवल पर किसानों को शामिल किया जाय, किसानों की पंचायत बने और वह भाव तय करे तथा उस भाव को माना जाए ।

इस संबंध में मैं आपको कुछ सुझाव देना चाहता हूं। हमेशा की तरह यह बजट भी किसानों का शोषण करने वाला बजट है । इस में कुछ ऐसा नहीं है, जिससे किसानों को कुछ फायदा मिले । उसे उसकी उपज की पूरी कीमत मिल सके तथा खेती करने में उसे खर्च कम करना पड़े, इस ओर सरकार को ध्यान देना चाहिए । बजट में कृषि पर 1551 करोड़ रु०, उद्योग पर 592 करोड़ रुपए, बिजली पर 973 करोड़ व सिंचाई पर 143 करोड़ रुपए रखा गया है। मेरी दृष्टि में यह बहुत कम राशि है । मंत्री जी आप यह भी जवाब दीजिए कि जो ग्रान्ट दी गई है, उसमें कहीं तनख्वाह तो शामिल नहीं है ? यदि तनख्वाह शामिल है, तो यह पांच प्रतिशत भी राशि नहीं बचेगी । इसलिए इसमें आप कम से कम छः गुना बजट देंगे, तब जाकर कुछ उद्धार हो सकता है ।

कृषि अनुसंधान (रिसर्च) के लिए केवल 86 लाख रु० की व्यवस्था की गई है । इसे भी बढ़ाना चाहिए । जरूरत इस बात की है कि अनुसंधान के माध्यम से जो प्रगति हो रही है, उसे किसानों तक पहुँचाय जाया । एक योजना चलाई गई थी—प्रयोगशाला से खेत तक । पर यह योजना अभी तक प्रयोगशाला से बाहर नहीं निकल पाई है और रिसर्च का लाभ किसानों तक नहीं पहुँच पाया है । अनुसंधान में इस बात पर भी ध्यान दिया जाना चाहिए कि कम से कम लागत में ज्यादा से ज्यादा उपज की प्राप्ति की जा सके, ताकि किसानों को अधिक से अधिक लाभ हो सके । अभी हालत यह है कि जितनी लागत लगती है, उसकी एक चौथाई कीमत भी किसानों को नहीं मिलती है । आजादी के बाद सिंचाई परियोजना पर 75 अरब रुपया खर्च किया गया है और 170 लाख हैक्टेयर सिंचाई क्षमता का विकास किया गया है, परन्तु इस क्षमता का उपयोग नहीं हो पा रहा है ।

सिंचाई की क्षमता का पूरा उपयोग हो सके, इसके लिये यह जरूरी है कि ऐसे लोग जिन्हें खेती व सिंचाई की जानकारी हो, उनको इस काम के लिये लगाया जाय । इस वक्त इस की जगह कमांड एरिया विकास कार्यक्रम को सिंचाई विभाग के सिविल इन्जीनियरों की तरक्की का जरिया बनाया जा रहा है। अभी तक कृषि इन्जीनियर कमाण्ड एरिया में पानी का काम करते थे, सिविल इन्जीनियरों ने यह सोचा कि इसमें बड़ी गुन्जाइश है-50 रुपये की नाली लगाते हैं, 250 रुपया लेते हैं । इसलिये उनकी कोशिश है कि इस काम को सिविल इन्जीनियरों से कराया जाय। मेरा निवेदन है कि इसमें कृषि इन्जीनियरों को ही रखा जाय जिन को कि यह तजुर्बा है कि खेती में कितना पानी चाहिये, ज्यादा पानी से खेती खराब तो नहीं हो रही है और सिविल इन्जीनियरों को डैम और नहरों के काम पर ही लगाया जाय ।

दुनिया भर में सिंचाई के जल का उपयोग कृषि इन्जीनियर करते हैं । कृषि आयोग ने भी

[चौधरी मुलतान सिंह]

कमाण्ड एरिया के विकास के लिये कृषि इन्जीनियरों को रखने की सिफारिश की है, परन्तु प्रयास यह किया जा रहा है कि केवल सिविल इन्जीनियर ही इस काम में रहें। नतीजा यह है कि न समय से पानी मिलता है और न उतना पानी मिलता है जितने की जरूरत है।

बड़ी-बड़ी सिंचाई योजनाओं से लाभ की जगह नुकसान ज्यादा हो रहा है। उपजाऊ जमीन में 'गरकी' होती जा रही है, जमीन ऊसर होती जा रही है। बड़ी योजनाओं से सिंचाई की कीमत 10 हजार से 20 हजार रु० प्रति हैक्टेयर आती है जिसमें कमांड विकास का खर्चा शामिल नहीं है। सरकार को ज्यादा ध्यान छोटी योजनाओं पर देना चाहिये। इससे किसानों को फायदा मिलेगा। खर्चा भी कम होगा। जमीन बेकार भी नहीं होगी। जब सरकार बड़ी सिंचाई योजना पर 10 से 20 हजार रुपया प्रति हैक्टेयर खर्च करती है और उसे स्वयं वहन करती है तो कमाण्ड एरिया के विकास का खर्चा किसान से क्यों वसूल करती है जो केवल दो से तीन हजार रुपये प्रति हैक्टेयर होता है। मेरा मंत्री जी को सुझाव है कि कमाण्ड एरिया में जो ढाई हजार रुपया किसानों से लिया जाता है, वह न लिया जाय।

पूरे देश में 14 करोड़ हैक्टेअर जमीन में खेती होती है और 6 करोड़ हैक्टअर जमीन में वन हैं। इस 14 करोड़ हैक्टेअर खेती की जमीन में से केवल 11 करोड़ हैक्टेअर को सिंचाई की सुविधा मिल सकती है—ऐसा सरकार का अनुमान है। अभी तक केवल साढ़े-पांच करोड़ हैक्टेअर को सिंचाई की सुविधा मिल पाई है, जिस में ढाई करोड़ हैक्टेअर नहरों से है, सवा-दो करोड़ हैक्टेअर ट्यूब-बेल से तथा पौन करोड़ हैक्टेअर तलाबों से है। अंग्रेज देश में 15 फीसदी सिंचित क्षेत्र छोड़कर गये थे। आजादी के बाद इतनी भी बहुत नहीं हो पाई है। कहा जाता है कि हमने 50 प्रतिशत सिंचित क्षमता कर ली है, परन्तु पानी 10 प्रतिशत को भी पूरा नहीं मिला, जितना रकबा बड़ी योजनाओं से सिंचाई में दिखाया गया है, यदि मिलने वाले पानी को उस रकबे पर फैलाया जाय तो पूरे साल में दो-तीन इंच से ज्यादा पानी नहीं मिलेगा। क्या इस दो-तीन इंच पानी से एक फसल भी उगाई जा सकती है? अगर फसलों को 10 पानी चाहिये, तो एक पानी भी आप बराबर नहीं देते हैं, लेकिन वसूलयाबी पूरी करते हैं। पिछले साल 11 अरब या 9 अरब का गेहूं और 7 अरब का तेल बाहर से मंगाया था। कहां तक किसानों को मारेंगे। मुझे तो आज भी ऐसा दिखता है कि गेहूं के लिये इस साल भी आप को विदेश जाना पड़ेगा।

अगर कहीं एक खरब रुपया सिंचाई में शुरू में ही लगा देते और हिन्दुस्तान की सारी जमीन की, इंच-इंच जमीन की सिंचाई कर देते, तो यह भी एक इन्डस्ट्री खुल जाती। अगर किसानों को आप पूरे दाम देते, तो दूसरे मुल्कों को आज हम गल्ला देते लेकिन इस की भी रेशो है जैसे सड़क बनानी है, बिजली लगानी है। मेरा कहना है कि पहले पानी का इन्तजाम तो कर देते ताकि कम से कम लोगों के खाने का इन्तजाम हो जाता लेकिन एशियाड पर खर्च करेंगे 50 अरब रुपया और निगुट सम्मेलन करेंगे। मैं इसे निर्गुट नहीं कहता। मैं तो इसे** कहता हूं क्योंकि इस की कोई ताकत नहीं है।

(व्यवधान)

SHRI RANA VIR SINGH: It should be expunged.

MR. DUPUTY SPEAKER: I will go through the record.

**चौधरी मुलतान सिंह** : यह तो यू० एन० ओ० की तरह है। ठीक है, मैं वापस ले लेता हूं अगर आपको मेरे शब्द बुरे लगे हों।

**श्री रणवीर सिंह** : आप उन्हें वापस ले लीजिये।

**चौधरी मुलतान सिंह** : यू० एन० ओ० की कितनी ताकत है?

**श्री रणवीर सिंह** : वह आप कह सकते हैं।

---

* Expunged as ordered by the Chair.

**चौधरी मुल्तान सिंह :** जैसी यू० एन० ओ० की ताकत है, वैसी ही इसकी ताकत है। इस पर जो खर्च किया गया है, वह सपेरे जैसा तमाशा दिखाना है ताकि आप को वोट मिले और आप इलेक्शन जीतें। देश का आप को कोई ख्याल नहीं है।...(**व्यवधान**)...आप को मेरे शब्द बुरे लगे हैं, तो मैं वापस ले लूंगा।

एक बात में यह भी कहना चाहता हूं कि रकबा बढ़ा-चढ़ा कर दिखाया गया है। जब पानी पूरी फसल को न मिले, तो उस का फायदा क्या। देश को धोखा क्यों दिया जा रहा है। यह देश को धोखा देने वाली बात है कि इतनी जमीन में हमने पानी दे दिया लेकिन सही बात यह है कि कमांड एरिया इतना बढ़ा दिया है कि नहर से दो इंच पानी भी नहीं खेतों को मिल सकता और उस में एक पख और लगा दी है हमारी जान को और राणा साहब भी इस बात को जानते होंगे कि कमान्ड एरिया में जब तक गवर्नमेंट इजाजत न दे, तब तक प्राइवेट ट्यूबवेल नहीं लग सकते और नहर से पानी मिलेगा नहीं। यह कौन सा सौदा है दुनिया का कि पैसे तो हम से ले लिये और सौदा नहीं दिया। आज आप देखिये कि साढ़े 21 रुपया प्रति हार्स पावर यू० पी० की सरकार ने कर रखा है और पानी मिलता नहीं। 24 घण्टे का पैसा लेते है और 4 घण्टे भी पानी नहीं मिलता। जब 24 घण्टे का पैसा लेते हैं तो क्या कारण है कि 3 घण्टे पानी मिलता है, 2 घण्टे पानी मिलता है और किसान की फसल बरबाद होती है।

**श्री रणवीर सिंह :** साढ़े 22 रुपये है।

**चौधरी मुलतान सिंह :** साढ़े 22 रुपये प्रति हार्स पावर किसान से हर मन्थ लिया जा रहा है। लेकिन पानी की गारन्टी दो मिनट की भी नहीं है। मेरा सुझाव है कि इसके लिये एक हाई लेविल कमैटी बनाई जाय, जो कि किसान के अधिकार की बात भी सोचे। यह कमैटी यह भी देखे कि वास्तव में कितने रकवे को सिंचाई मिलती है और क्या किसान को रकबे और फसल के हिसाब से पानी मिल रहा है। यदि नहीं, तो उसके क्षेत्र को कम किया जाना चाहिए। यह कमैटी यह भी देखे कि बिजली का साढ़े 21 और साढ़े 22 रुपये प्रति होर्स पावर पर मन्थ जो लिया जा रहा है, तो किसानों को 24 घण्टे बिजली क्यों नहीं मिली। बिजली इसलिये हम को नहीं मिलती है क्योंकि हम में ताकत नहीं है स्ट्राइक करने की। अगर हम गल्ला न बोयें तो हमारे बच्चे क्या खायें। अगर किसान कल स्ट्राइक पर बैठ जाए, तो यह भाव 200 रुपये नहीं, 300 रुपये नहीं, 500 रुपये देंगे और 1000 रुपये देगें।

आज दालों और तेलों के भाव बढ़ते चले जा रहे हैं और इस के बारे में कोई कुछ नहीं कर रहा है। 1970 में 50 ग्राम दाल प्रति व्यक्ति मिलती थी और अब 38 ग्राम रह गई है। आप कहते हैं कि हम बढ़ोत्तरी कर रहे हैं और इन्दिरा जी ने यह किया और प्रधान मंत्री ने यह किया और रूस को गल्ला भेज दिया। अब मंगा लो दाल और तेल। पहले इसको जानवर खाते थे और अब कहते हैं कि इस में बड़ी प्रोटीन है और वह प्रोटीन भी शहर वाले खाएंगे और हमारे यहां के बच्चों को नहीं मिलेगी।

**राव बीरेन्द्र सिंह :** आज वगैर खाना खाये आये हो, जो हमें इस तरह से कोस रहे हो।

**चौधरी मुलतान सिंह :** यह पता तभी लगेगा जब यह मालूम होगा कि सही सिंचाई का रकबा कितना है? जरूरत के हिसाब से बिजली नहीं मिलती है। जितना आप दाम लें उतना सौदा दें। आप जितने घन्टे बिजली दें, उतना ही हम से पैसा लें। अगर आप २४ घन्टे में ४ घंटे बिजली देते हैं तो उतना ही बिजली का दाम कम कर दीजिए पाँच में चार भाग छोड़ दीजिए। बिजली का एक घंटे के हिसाब से छोड़ दीजिए। यही हालत नहरों की है। एक घंटा पानी देते हो और सिंचाई का पूरा दाम वसूल कर लेते हो। उपाध्यक्ष जी, दाम तो सिंचाई का आप पूरा वसूल कर लें लेकिन पानी पूरा दिया नहीं तो हमारी खेती भी सूख गई और फसल का भी नुकसान हुआ। क्योंकि हम ट्यूबवेल लगा नहीं सकते हैं।

गन्ने की पूरी कीमत नहीं है। गन्ने के उत्पादकों को उनकी मेहनत और लागत का उचित दाम नहीं मिल रहा है। यहाँ तक कि सरकार

[चौधरी मुलतान सिंह]

की ओर से निर्धारित मूल्य भी किसानों को नहीं दिया जा रहा है। शक्कर कारखानों ने किसानों का अरबों रुपया दबाया हुआ है और उस पर वे सूद खा रहे हैं। सरकार ने इस मामले में कोई ठोस कदम नहीं उठाए हैं। उत्तर प्रदेश में सरकारी मिलें प्राइवेट मिलों से भी कम दाम दे रही हैं। अब यह कहो कि सरकार सरकारी मिलें खोले। प्राइवेट मिल ज्यादा दे रही है, सरकारी मिल कम दाम दे रही हैं। इसका सरकार के पास क्या जवाब है? ऐसा क्यों है?

अभी गन्ने की आधी फसल खेत में खड़ी है। चीनी मिलें गन्ना खरीदने में आनाकानी कर रही हैं। इस से किसानों का बहुत नुकसान होगा। ऐसा लगता है कि 1977-78 की तरह किसानों को मेहनत और आशा से उगाई गई फसल को माचिस न दिखानी पड़े। आधी कीमत से भी कम पर लोग गन्ने की कीमत दे रहे हैं। इसके अलावा खाण्डसारी वाले किसानों को पेट-भर कर लूट रहे हैं। ये खाण्डसारी क्रेशर लगाये बैठे हैं और गन्ने की कीमत दस रुपये और आठ रुपये दे रहे हैं। जो सरकारी और प्राइवेट मिलें हैं वे 15 फीसदी भी गन्ना नहीं खरीदतीं। शक्कर कुछ को आप्रेटिव बनाती हैं, कुछ प्राइवेट मिलें बनाती हैं। यह बड़े शर्म की बात है कि सरकारी मिलें सस्ते पर खरीदें प्राइवेट मिलें ज्यादा पर खरीदें।

आज चना 200 रुपये और 210 रुपये पर भी कोई नहीं खरीद रहा है। अपने चने का दाम 235 रुपये निर्धारित किया है। राव साहब आपके पड़ौस में राजस्थान में सारा चना आ गया है। आप वहाँ के एम० पी० से पूछें। वे आपको बतायेंगे कि वहाँ चना दो सौ रुपये में बिक रहा है। (व्यवधान)

रावसाहब, आपके लोग जब चीज बाहर मंहगी होती है तो वे सस्ते में खरीदते हैं। जब मार्किट में चीज सस्ती होती है तो वे नहीं खरीदते हैं। आपके कर्मचारी और अधिकारी चना, गेहूं, सरसों, उडद खरीदते ही नहीं हैं क्योंकि यह बाहर सस्ता है। वे उसी वक्त इन चीजों को खरीदते हैं जब वे बाहर मंहगी होती हैं। गवर्नमेंट का यह आदेश है कि जब कोई गल्ला दे तो लो, जबर्दस्ती से मत लो। लेकिन आपके अधिकारी और कर्मचारी, अगर कोई किसान एक बोरी गल्ला भी ले जा रहा है और यह कहता है कि यह वह अपनी लड़की के विवाह या छूछक के लिये ले जा रहा है तो भी मार्किट में गल्ला मँहगा होने पर वे उससे छीन लेते हैं और उसे पुलिस में बन्द करा देते हैं। उसका पैसा भी वे नहीं देते। यह हो रहा है। वैसे तो भगवान की दया से आपने भाव ही ऐसा रख दिया है कि कहीं आपको दाना मिलने वाला ही नहीं है। इतना सस्ता भाव रख दिया है। मैंने जो बात कही है आप अपने ही आप उसका जवाब दे दीजिए। अन्तरात्मा से जवाब दे दीजिए क्योंकि यह सरकार तो अन्तरात्मा से बनी हुई सरकार है। वह अन्तरात्मा कहाँ जा रही है?

किसान अगर गन्ना बोना ही बन्द कर देगा तो फिर 1979-80 की स्थिति आ सकती है जिसमें कि आपको चीनी बाहर से मंगानी पड़े। गेहूं, तेल, व दालों की तरह शक्कर भी आपको बाहर से मंगानी पड़ेगी। सरकार की आज की नीति के कारण शहर के लोगों को चीनी सस्ती मिल रही है। मगर उसको पैदा करने वाला किसान भूखा मर रहा है। शहरों के लोग सुखी हैं और किसान भूखा मर रहा है।

जहाँ तक विकास की बात है आप देखिए कि विकास की क्या हालत है। किसानों के लिए गाँवों में न तो सड़क है और न स्कूल और अस्पताल हैं। मेरा सुझाव है कि प्रत्येक गाँव को नहीं तो कम से कम एक हजार आबादी वाले गाँव को आप पक्की सड़क से जोड़ दें। हर दस मील के फासले पर इन्टर स्कूल और 20 मील के फासले पर डिग्री कालेज खोल दें। अस्पतालों का जहाँ तक सवाल है तो हिन्दुस्तान के लोग दिल्ली या बम्बई आते हैं। यहाँ पर भी तीन दिन तक पता ही नहीं चलता कि कहां अस्पताल है। इसके बाद भर्ती करने में कई दिक्कतें आती हैं और हजारों रुपयों की आवश्यकता होती है। गरीब आदमी इतना इंतजार नहीं कर पाता इसलिए सड़क पर मर जाता है। इसलिए मेरा निवेदन है कि आप हर डिस्ट्रिक्ट लेवल पर एक अच्छा अस्पताल खोल दें जिससे लोगों को दिल्ली या बम्बई न जाना पड़े।

सुरक्षा की आज क्या हालत है ? गाँवों में पुलिस एक चौथाई है और तीन हिस्सा शहरों में है। इसके बावजूद कहते हैं कि शहर लुट गए। शहर में एक कुतिया भी मर जाती है तो उसका फोटो अखबार में छप जाता है और गाँव में बीस-बीस आदमी मर जाते हैं और उनको अखबार के किसी कोने में भी जगह नहीं मिलती। हरिजन मरेगा तो उसको तो 4-5 हजार रुपया मिल जाता है लेकिन किसी दूसरी जाति का मरेगा तो उसको नहीं मिलता। जान तो सबकी बराबर है। हवाई जहाज में सेठ जी मरेंगे तो उनको एक लाख रुपया मिलेगा और कुँआ खोदते हुए किसान मरेगा तो उसको कुछ नहीं मिलेगा। यह भेद-भाव क्यों किया जा रहा है।

इसी तरह से रेलों को देख लीजिए। शहरों में चलने वाली गाड़ियां चौगुनी कर दीं और गाँवों के लिए उतनी ही हैं। तिनसुखिया मेल सीधी चलेगी और कानपुर रुकेगी। रास्ते में जैसे कुछ है ही नहीं। एक पैसिंजर ट्रेन बम्बई अहमदाबाद चल रही थी। आज भी वहीं चल रही है। क्या शहरों की ही आबादी बढ़ रही है, गाँवों की आबादी नहीं बढ़ रही है ?

जहाँ तक फसलों का सवाल है, हमारे उत्तर-प्रदेश में 25 से लेकर 50 फीसदी तक नुकसान हुआ है। फसल सड़ रही है, कीड़ा लग गया है। डर है कि अगर ओला पड़ गया तो दाना भी झड़ जायगा। राव साहब के इलाके में तो बहुत ज्यादा नुकसान हुआ है। जितनी फसल राव साहब के इलाके में सड़ रही है उतनी हिन्दुस्तान के किसी इलाके में नहीं सड़ रही।

**एक माननीय सदस्य** : रेडियो पर तो मंत्री जी ने इन्कार किया है।

**श्री मुलतान सिंह** : अपनी बात कहते नहीं हैं। जितना करप्शन इनके इलाके में है उतना हिन्दुस्तान में कहीं नहीं है। हिन्दुस्तान में सबसे ज्यादा करप्शन हरियाणा में है और हरियाणा में सबसे ज्यादा करप्शन राव साहब के इलाके में है। आप राव साहब को भाव तय कर लेने दीजिए तो हमें कुछ कहने का मौका ही नहीं मिलेगा।

आज पढ़े-लिखे आदमी को कूबड़ पढ़ा रहा है, जो खेती के बारे में जानता ही नहीं है। वह भावों को तय करता है। लेकिन, दिक्कत यह हो रही है कि कूबड़ सरकार ही कृषि-मंत्री को पढ़ा रही है। आपके बीस सूत्री कार्यक्रम में एक बात यह भी है कि 75 प्रतिशत लोग हिन्दुस्तान में नहीं पढ़ते। जो बूढ़े दो-चार साल में मरने वाले होते हैं, उनको पढ़ाया जाता है। उनको सिर्फ दस्तखत करना सिखाया जाता है। बी० एल० डब्ल्यू० या बी० डी० ओ० उनसे दस्तखत करवाते हैं, जब उन्हें पैसा देना होता है। जब दुबारा दस्तखत करवाने का नम्बर आता है तो वे दस्तखत मिलते ही नहीं हैं। इसका मतलब है, जो उन्हें सिखाया जाता है, वे भूल जाते हैं। इस प्रौढ़ शिक्षा पर करोड़ों-अरबों रुपया खर्च हो रहा है। इसका फायदा क्या है ··· ? ये बूढ़े पढ़ने के बाद यू० एम० ए० जायेंगे या कहीं और जायेंगे, यह आप बता दीजिए। जितने भी आपके विकास के कार्य हैं, जैसे—बिल्डिंग, अस्पताल, सड़क, स्कूल या नाला आदि बनवाना, उनमें 25 फीसदी रुपया भी नहीं लग पाता है जबकि बाकी 75 फीसदी रुपया जेब में चला जाता है, सरकारी अधिकारियों की जेब में चला जाता है या फिर कुछ ऊपर दे देते होंगे। अगर नहीं जाता हो तो आप ही बता दीजिए। अँग्रेज, दिल्ली से कलकत्ता तक 7 रुपए रेल का किराया लेते थे और आज आप थर्ड-क्लास का सवा-सौ रुपए ले रहे हैं। उसके बाद भी घाटा ही घाटा है। इस माल को कौन खा रहा है ? मैं एक बात कहना चाहता हूँ और वह यह कि अगर इसमें चोरी बन्द करदी जाय तो हमारी रेलवे से देश की रक्षा का खर्च निकल सकता है। जितनी भी नहरें थीं, वे अँग्रेजों ने ही निकाली थी। वे अपनी कीमत पूरी वसूल करके चले गए। आज नहरों की हालत क्या है ? एक रुपया खर्चा कराते हैं लेकिन पचास हो गया, यह दिखाया जाता है। यह सब कहाँ जाता है ? इन्जीनियर्स खा-खा कर हाथी हो गये हैं। उत्तर प्रदेश के मन्त्री, उनकी घरवाली और उनके रिश्तेदार, राना साहब इसके बारे में जानते हैं। वे वसूल करने जाते हैं। उनका कहना है कि अगर 25 परसेन्ट लेते हो तो 12 परसेन्ट उसमें हमारा भी है। पूरे उत्तर प्रदेश में इस तरह की बातें आपको देखने को मिल सकती हैं। मेरे क्षेत्र सैंगर, सिरसा और हसन

[चौधरी मुलतान सिंह[

में नदी हैं, जो तकरीबन सौ किलो मीटर लम्बी है। वह बुलन्दशहर से शुरू होती है और इटावा तक पहुँचती है। मैं पिछले सात साल से कह रहा हूँ कि इसको नहर का रूप दे दिया जाय ताकि धान की खेती में सिंचाई हो सके और करोड़ों बीघा जमीन गरकी से बचायी जा सके।

बीस सूत्री कार्यक्रमों के बारे में आपको बताना चाहूँगा। सबसे पहला है, किसानों को लागत से कम कीमत देना और उनका शोषण करना। दूसरा, किसानों को सस्ता अस्पताल, स्कूल एवं सुरक्षा न देना। तीसरा, किसानों की जमीन एक्वायर करना, उनको पूरा मुआवजा न देना। चौथा, किसानों से 21.50 पैसे वसूल करना और बिजली चार घण्टे भी न देना। पांचवां, किसानों को नहर का पानी देकर पूरा सिंचाई शुल्क वसूल करना।

(6) किसानों की चीजें सस्ती खरीदना और उद्योगपतियों को चीजें सस्ती देना।

(7) किसानों को बजट का 15 फीसदी देना और शहरों को 85 फीसदी देना चाहे नौकरी के जरिये दें, रिश्वत के जरिये दें और चाहे विकास के जरिये दें।

इस देश की हालत यह है कि 83 फीसदी पैसा तनख्वाह और रिश्वत में जा रहा है और 17 फीसदी विकास में लग रहा है। 34 साल से यही हो रहा है और शहर का आदमी 73 फीसदी तनख्वाह ले रहा है और 10 फीसदी गाँव का आदमी ले रहा है। तो कुल मिलाकर गाँवों के 85 फीसदी लोगों को 13 रु० मिलता है और हमारी खेती छीनना चाहते हैं। सरकार के जितने कारखाने हैं सब में नुकसान हो रहा है।

(8) किसान अगर जमीन को बटाई या लगान पर देता है तो वह बेदखल हो जाता है। लेकिन उद्योगपति अपने मकानों और कारखानों को किराये पर देता है तो उससे नहीं छीना जाता है। ऐसा क्यों? इनसे भी छीना जाय।

MR. DEPUTY-SPEAKER : I have given more time. You cannot have any grievance. Your Party was allotted 19 minutes, but you have taken 38 minutes- double the time. It is all right, you have made very valuable suggestions.

**चौधरी मुलतान सिंह** : इन शब्दों के साथ मैं अपना भाषण समाप्त करता हूं।

**श्री रणधीर सिंह** : उपाध्यक्ष जी, मैं कृषि मन्त्रालय की माँगों का समर्थन करता हूं। आज काफी साहस बढ़ा है कि आपने बड़ी उदारता से बोलने वालों को समय दिया है। मैं आशा करता हूं कि मेरे साथ भी आप उदारता बरतेंगे।

हरित क्रान्ति जो कई सालों से हमारे देश में है और जिसका श्रेय भारत के बहुत ही परिश्रमी कृषकों और वैज्ञानिकों को है, हमारी सरकार की बहुत ही अच्छी नीतियों को है, उसने हमें आत्म-निर्भरता की तरफ आगे बढ़ाया है। आत्म निर्भरता के अतिरिक्त हम यह महसूस करने लगे हैं कि आज खाद्यान्न में हमारा स्वावलम्बन बहुत दूर नहीं है। सचमुच अगर देखा जाय जो भारत पी० एल० 480 का था और जो आज का भारत है उसमें इतना अन्तर है कि जो जमीन और आसमान का है। पहले हम बैंगिग बाउल ले कर दुनिया में घूमते थे कि हमें खाद्यान्न की आवश्यकता है, लेकिन आज विश्व के तमाम देशों की उस पंक्ति में हम खड़े हैं जहां हमारा नाम लिया जाता है कि हम खाद्यान्न उत्पादन में बढ़े हैं। माननीय जैतुल आबदीन को भारत में सब कमी दिखाई देती हैं और चीन में सब कुछ अच्छाई दिखाई देती है। हमारे यहाँ कहावत है कि जो लोग सावन में हरे होते हैं उन्हें सब कुछ हरा-हरा ही दिखाई देता है। और आपका यह हाल है कि वह उसी तरह से सोचते हैं, वह रेड के विचारों से इतने प्रभावित हो गये हैं कि उन्हें सब लाल ही लाल दिखाई देता है और चीन में सब अच्छा है तथा भारत में सब बूराई दिखाई देती है।

पहले मैं यह कह देना चाहता हूँ कि हर बात में यह आलोचना करके कि कृषि के क्षेत्र में हमने कोई उन्नति नहीं की है, हम पसीना बहाने वाले कृषकों का भी अपमान कर रहे हैं और कृषि वैज्ञानिकों का भी । हमारे मित्र कहते हैं कि चीन की स्थिति बहुत अच्छी है, भारत में कुछ नहीं हुआ है । मैं बहुत अदब के साथ कहना चाहता हूँ कि इस तरह की बात कह कर वह देश का अन्न भण्डार भरने वाले कृषकों, अपने कर्मठ वैज्ञानिकों और अच्छी नीतियाँ, निर्धारित करने वाले सरकार से सम्बद्ध लोगों को झुठलाने की कोशिश न करें ।

मैं स्वीकार करता हूँ कि हमारी सारी समस्याओं का समाधान नहीं हुआ है । हरित् क्रांति के आने के साथ-साथ बहुत सी समस्याओं को भी जन्म मिला है । पहले यह माना जाता था कि हमारी भूमि सो रही है, **लैंड एडमिट्स नो चेंज**, भूमि में कोई क्रान्ति नहीं हो सकती है और न ही कृषक कोई परिवर्तन चाहते हैं । हरित् क्रान्ति लाने के अलावा इस सदी में हमने दो सबसे बड़े कार्य किये हैं : भूमि में क्रान्ति आई है और कृषक भी परिवर्तन की ओर बढ़े हैं ।

**13.53 hrs.**

*(Shri R. S. Sparrow in the Chair)*

जब हमारे देश में ग्रीन रेवोल्यूशन, व्हाइट रेवोल्यूशन और इन्द्रधनुष के अन्य रंगों के कई रेवोल्यूशन हुए हैं, तो कई प्रकार की समस्याओं का जन्म होना भी स्वाभाविक है । मैं मंत्री महोदय से कहना चाहूँगा कि हमें यह नहीं सोचना चाहिए कि हमने सब समस्याओं पर विजय पा ली है । रोज नये नये प्रश्न उठ रहे हैं और उनके उत्तर देने के लिए हमें पूरी तरह से तैयार रहना चाहिए ।

रोटी सबसे बड़ी समस्या है । भूख सबको लगती है । इसलिए मालूम होता है कि कृषि सबका विषय है । रोज जीरो आवर के समय लोकप्रियता पाने के लिये विरोधी दल के सदस्य खड़े होकर इन प्रश्नों को उठाते हैं । कभी बागड़ी साहब पानी की बात करते हैं । लेकिन जब किसी प्रश्न पर विचार होने लगता है, तो वह हाउस में नहीं रहते हैं । मुश्किल यह है कि जितनी भी समस्यायें उत्पन्न होती हैं उनको राजनैतिक रंग देने का प्रयास किया जाता है । ऐसा करने से तो कोई समस्या सुलझती दिखाई नहीं देती ।

जब ये लोग कुर्सी पर होते हैं, तो गन्ना जलता रहता है और इन्हें कोई परवाह नहीं होती है । लेकिन जब ये सत्ता से हट जाते हैं, तो गन्ने के किसानों के लिए घड़ियाली आँसू बहाते हैं । जब ये लोग सरकार में थे, तो गेहूँ के दाम बढ़ाने की बात के प्रति कान बन्द किये रहते थे । लेकिन जब हम गेहूँ के दाम बढ़ाते हैं, तो ये अधिवेशन बुलाते हैं और प्रस्ताव पास करते हैं । एक बड़े भारी नेता किसानों के कन्धों पर भारत सरकार में आए थे । लेकिन जब वह यहां पहुँचे, तो उन्हें कृषि मंत्रालय रंगहीन मालूम होने लगा । उन्हें सारा रंग गृह मंत्रालय में दिखाई दिया और इस कारण वह गृह मंत्री बन गए । मैं समझता हूँ कि जो व्यक्ति किसानों की हिमायत से सरकार में आए, उसे कृषि मंत्रालय लेना चाहिए और किसानों के उत्थान और कल्याण के लिये कोशिश करनी चाहिए । लेकिन श्री चरण सिंह को कृषि मंत्रालय रंगहीन दिखाई देने लगा । वास्तव में उन्हें गृह मंत्रालय हमेशा ज्यादा आकर्षक लगा है । वह बात करेंगे किसान की, लेकिन गृह मंत्रालय को लेंगे । वह हिमायती बनेंगे किसानों के, लेकिन हमेशा कहेंगे कि गांवों में सुरक्षा नहीं है, पुलिस की ठीक व्यवस्था नहीं है, आदि । होना तो यह चाहिए कि जो महत्वपूर्ण बिंदु है, उसी पर सारा ध्यान दिया जाए और समस्या का समाधान निकाला जाए ।

परसों उत्तर प्रदेश के तमाम सांसद यहाँ पर कोशिश कर रहे थे कि किसानों का जो गन्ना खड़ा है, उसकी पिराई का सत्र बढ़ाया जाय । इस बारे में मैं भी बहुत उग्र था । मैं भी कृषक हूँ । कृषकों के लिये मेरे हृदय में कम पीड़ा नहीं है । इस बारे में राव साहब, श्री आरिफ और श्री झा ने एक बैठक की, ताकि पिराई का सत्र बढ़ाने और कृषकों को मूल्य दिलाने के लिये जल्दी से जल्दी कोशिश की जाए । मैं कृषि मंत्री से कहना चाहता हूँ कि यह बात टालने वाली नहीं है । उनको सारा काम छोड़ कर, वित्त मंत्री से परामर्श करके,

[श्री रणबीर सिंह]

उत्तर प्रदेश के गन्ने के किसानों को देने के लिये मुख्य मंत्री ने जो 20 करोड़ रुपये की मांग की है, उसे तत्काल पूरा कराना चाहिए। हम सब इस बारे में पूरी कोशिश कर रहे हैं।

लेकिन इस समस्या को सुलझाने का विरोधी दल का क्या तरीका है ? जब हम यहां पर इस प्रश्न को उठा रहे थे, तो हमारे वरिष्ठ सदस्य, श्री बहुगुणा, खड़े हुए और उन्होंने कहा कि यह देख लिया जाए कि क्या मेरा नाम भी इस मांग को करने वालों में जुड़ गया है।

यह पूछने के बाद वे हाउस के बाहर चले गए। वे चाहते हैं कि उन्होंने भी यहां पर बात उठाई, इसको किसान जान ले लेकिन अब किसान बहुत चतुर हो गया है, वह जान गया है कि उसके लिए कौन लड़ेगा। जहां तक गन्ने की पिराई का सत्र बढ़ाने और उसके मूल्य बढ़ाने की बात है, मैं मन्त्री जी से जोरदार ढंग से मांग करता हूँ कि तुरन्त इसकी व्यवस्था की जानी चाहिए। यहां पर कुछ समय के लिये जो एक सिद्धान्तहीन सरकार आ गई थी उससे हमें अपनी तुलना नहीं करनी चाहिए क्योंकि हम तो बड़े सिद्धान्तों को लेकर प्रशासन चला रहे हैं उनके समय में यदि गन्ना जलाया गया तो उसका नतीजा क्या हुआ ? उनको यहां से जाना पड़ा, यह बात भी हमने देख ली है। जब यहाँ पर आज चर्चा चल रही है तो आप जरूर अपने उत्तर में आश्वासन दें और बतायें कि इस विषय में आप क्या करने जा रहे हैं।

इस बात को कोई गलत नहीं कह सकता कि देश में खाद्यान्न के क्षेत्र में उत्पादन बढ़ा है। लेकिन यहाँ पर इतने खाद्यान्न का उत्पादन होने लगा है कि और अधिक जरूरत नहीं है, यह बात गलत है। हमें गेहूँ का आयात करना पड़ा यही इस बात का सबूत है कि हमें और खाद्यान्न की आवश्यकता है। अभी हमारे देश में और अधिक खाद्यान्न बढ़ाने की क्षमता है लेकिन यह भी एक ध्रुव सत्य है कि और अधिक खाद्यान्न बढ़ाने के लिए आपको किसानों को और अधिक इन्सेंटिव देने होंगे तभी और उत्पादन बढ़ सकेगा। मात्र टेक्नालाजी या फर्टिलाइजर अधिक मात्रा में उपलब्ध कर देने से उत्पादन नहीं बढ़ेगा। आपकी नयी एकोनामिक्स में भले ही यह बात न लिखी हो लेकिन यदि आप इंसेंटिव नहीं देंगे तो आपकी सारी टेक्नालाजी बेकार हो जायेगी और उत्पादन नहीं बढ़ पायेगा। इसलिए एग्रीकल्चरिस्ट्स के लिए टाप प्रायर्टी इंसेंटिव के फैक्टर को ही मिलनी चाहिए।

कुछ लोगों का एक अजीब विचार और भी है लेकिन मैं समझता हूँ वे कोरी कल्पना की बात करते हैं और मेरे विचार से हमारे आरिफ मोहम्मद साहब उस बात से प्रभावित भी नहीं होंगे क्योंकि वे काफी विद्वान हैं। ये लोग कहते हैं कि अगर इंसेंटिव बढ़ायेंगे तो हो सकता है we may be in the stage of surplus production. Since, India has a very weak economy, we will not be in a position to contain its surplus.

यह एक अजीब बात है कि एक बिन्दु के बाद हमारा खाद्यान्न का उत्पादन नहीं किया जाना चाहिए लेकिन अभी तो हम उस बिन्दु से बहुत ही पीछे हैं। अभी से इस बात की कल्पना करना कि बहुत सरप्लस हो जायेगा अगर हम इंसेंटिव दे देंगे, गलत होगा। अमरीका का उदाहरण हमारे सामने है कि किस तरह से उन्होंने गल्ला दूसरी जगह भेज कर या उसको नष्ट करके बाजार में सन्तुलन कायम रखा।

विरोधी दल के लोगों ने यह कहा है कि अमरीका से हमें गेहूँ आयात करना पड़ा। कुछ मजबूरियाँ थीं और जरूरत थी इसलिये वहां से मंगाना पड़ा लेकिन हम जो वहां से गेहूँ मंगाते हैं वह न तो हमारे गेहूँ से सुपीरियर है और न ही वह प्रोटीन्स में रिच है परन्तु उसके लिए हम ज्यादा दाम देते हैं और उससे हमारे किसानों में क्षोभ होना अनिवार्य है। यदि सरकार अपने देश के किसानों को ही कुछ इन्सेंटिव दे तो कुछ न कुछ उत्पादन जरूर बढ़ेगा। बाहर से ऊँचे भाव पर गल्ला मंगाने से किसानों में क्षोभ का होना अनिवार्य है। ऐसी दशा में हमारी सरकार को एक नयी नीति इवाल्व करनी चाहिए जिससे कि बजाए इम्पोर्ट आउटलुक के एक्सपोर्ट आउटलुक क्रिएट हो सके। जब तक सरकार ऐसा नहीं करेगी तब तक इंसेंटिव की बात भी कारगर नहीं होगी।

वफर स्टाक बनाने का जो सरकार का तर्क है वह सही है। शहरों में रहने वाले लोगों को सही मूल्य पर गल्ला मिल सके यह तर्क भी सही है। हमने 142 रु० प्रति क्विंटल गेहूँ का दाम तय कर दिया। 142 रु० प्रति क्विंटल गेहूं हमने किसानों से खरीदा और तीन महीने के बाद वही गेहूं 284 रु० प्रति क्विंटल हो गया। इस प्रकार साल भर तक उत्पादन करने वाले को मिला। 142 रु० और बिचौलिए को जिसने उसको दो महीने अपने पास रख लिया, उसका भी 142 रुपये दिया। मेरी दृष्टि में इसमें सामन्जस्य होना चाहिए। कृषक को एक साल पसीना बहाने पर आप 142 रु० दे और जिसने तीन महीने उसको रख लिया उसको भी आप 142 रु० दें—यह बात तर्कयुक्त नहीं लगती है। इसलिये इसको आपको देखना चाहिए। यह बात बराबर कही जाती है कि पैदा तुम करो और मूल्य हम तय करेंगे। गीता में भी कहा गया है—श्रम तुम करते रहो, लेकिन फल की चिन्ता न करो। कृषक यह बात पूरी तरह से समझ गया है कि हमें खाली श्रम करना है और इनाम देना इनका काम है। इनाम आप जैसा भी दो, लेकिन कम से कम एक बात तो हमारे साथ करनी चाहिए कि जब मूल्य निश्चित करते हैं, तो आप यह समझा दें कि दाम कैसे आप तय करते हैं। किन-किन फैक्टर्स को और किन-किन चीजों को आप शामिल करते हैं। हमारे अर्थ शास्त्र में दिया है—

"Land, labour, capital, organisation, enterprise."

पता नहीं हो सकता है कि अब यह इकानामिक्स बदल गई हो। हमें यह लगता है कि सब चीजों को देख लेते हैं, लेकिन दो चीजें इसमें देखने को नहीं मिलती हैं। यह बात मैं इसलिये कह रहा हूँ कि मंत्री जी हमारे नये हैं, जवान हैं, इसलिए यह बात समझना बहुत जरूरी है। एक तो यह है कि हमारा कैपिटल जो कृषि में लगता है, उसका मूल्य आप नहीं देते हैं और दूसरे हमारे इनपुट का मूल्य नहीं देते हैं। चौधरी साहब जैसे बड़े-बड़े किसान कहते हैं कि जितना रुपया कैपिटल का हमारा खेती में लगा है, यदि उसको बैंक में जमा कर दें, तो ब्याज ज्यादा मिलेगा और लाभ कम। जब ऐसी बात आ जाए और इस बिन्दु पर हम पहुँच रहे हों तो हमें तुरन्त नीति को देखना और उसको ठीक करना चाहिए, रह गई बात दूसरी, तो आप यह भली भाँति जानते हैं कि कृषि बिल्कुल खुले आकाश के नीचे उद्योग है, इन्डस्ट्री है, जिसको खाली ईश्वर का सहारा है और अन्य कोई कुछ नहीं कर पाता है। हरियाणा और पंजाब में गेहूँ तैर रहा है पानी में। कीट लग जाता है, धान साफ है, सूखा पड़ गया। इस रिस्क को भी आपको कवर करना चाहिए।

मुझे इस बात को देखकर बहुत दुख हुआ कि आपने सिर्फ एक करोड़ रुपया फसल की इन्शोरैंस के लिए रखा है। मेरी दृष्टि में हिन्दुस्तान की खेती के लिए एक करोड़ रुपया इन्शोरैंस के लिए रखना मात्र हास्यास्पद है।

You are going to insure the crop in a very selected area.

मैं कहना चाहता हूँ कि व्यापक रूप से और सरल तरीके से यदि आप इन्शोरैंस करना चाहते हैं तो इस एक करोड़ रुपए से काम चलने वाला नहीं है। इस इन्शोरैंस को सिलैक्टेड एरियाज में नहीं बल्कि काफी व्यापक तरीके से रखना चाहिए। जहाँ तक सरसों और तिलहन और दालों का सवाल है, मन्त्री जी कहेंगे कि हमने बहुत उत्साह दिया है। हमने इसे 20 सूत्री कार्यक्रमों में रख दिया है। हमारे वैज्ञानिक कहेंगे कि हमने शार्ट-ड्यूरेशन की अरहर दे दी है, जो छः महीने में आ जाएगी। सरसों और लाही के बीज दे दिए हैं। वैज्ञानिकों की तरफ से कोई कमी नहीं है, उन्होंने हमें बेहद बढ़िया टैक्नॉलाजी दी है। लेकिन जरूरत इस बात की है कि जब तक हम तिलहन और दालों के लिए इन्शोरेन्स लागू नहीं करेंगे, तब तक इन फसलों को बोने के लिये कोई भी तैयार नहीं होगा, चाहे आप इसे किसी सूत्र में डाल दीजिए। कारण यह कि यह फसल इतनी अनिश्चित है कि जब तक इसका इन्शोरेन्स नहीं होगा, तब तक कोई भी इसको बोकर अपना बेड़ा गरक करने के लिए तैयार नहीं होगा। दूसरी बात यह है कि आपने गेहूँ के लिए तो तय कर लिया कि बफर स्टाक तैयार करना है। लेकिन

[श्री रणधीर सिंह]

We cannot live by bread alone.

रोटी पर्याप्त नहीं है । मन्त्री जी आप आइए खुले बाजार में और इसका भी बफर स्टाक क्रिएट करिए । इसका भाव देखिए और हमें समर्थन मूल्य दीजिए । हमारा चना आ गया है । राजस्थान के किनारे-किनारे हमारे क्षेत्र में दुनिया भर का चना आ गया है आपके भाव अलग हैं ।

Please come and purchase it also.

उसको भी आप देखिए कि किस तरह से क्या कर रहे हैं और किस तरह से आगे आ रहे हैं ।

सभापति जी, यदि मैं यह कहूं कि हमारा उत्पादन आप इसलिए सस्ता कर देते हैं कि आपको शहर के तमाम लोगों को फीड करना है। नौकरी पेशे वालों को खिलाना है। आपको बुरा लगे इसलिए मैं यह नहीं कहता हूं कि मैं इसलिए बना हूं कि पसीना बहाऊँ और उत्पादन करके पूरे राष्ट्र को खिलाऊँ। सभापति जी जब मंहगाई बढ़ती है, तो यहाँ हर एक नौकरी पेशे के पास मंहगाई किश्त है ।

हमारे लिये मंहगाई की किश्त न सही, लेकिन कुछ ऐसा इन्तजाम कर दीजिए जिस से हम प्राकृतिक विपदाओं के प्रभाव से बच सकें । उन्हें मंहगाई की किश्त देते रहिये, लेकिन हमारे लिये ऐसा कर दीजिये कि तुम्हारे साथ जब भी कोई जोखिम हो जायगा तो तुम्हें आंसू पोंछने भर के लिये कुछ कर देंगे ।

आप के इर्द-गिर्द कुछ इस तरह के लोग बैठे हैं जो यह समझने लगे हैं कि किसान बहुत मालदार हो गया है, वह इतना मंहगा इनपुट इस्तेमाल करने लगा है, उसकी हैसियत पहले से ही ज्यादा बढ़ गई है, इस लिये उस पर टैक्स लगाया जाय । मैं अपने मन्त्रीगणों को पूरी तरह से आगाह करना चाहूंगा कि वे इस तरह के भ्रामक विचारों में न फँसें । इस तरह के कुछ उदाहरण इतिहास में मिलते हैं । फ्रांस में जब क्रान्ति हो रही थी और क्रान्तिकारी बढ़ते जा रहे थे, तो रानी ने पूछा कि ये लोग क्या चाहते हैं ? कहा गया कि इन के पास रोटी नहीं है । रानी ने तुरन्त उत्तर दिया कि इन से कहो, रोटी नहीं है तो केक खायें । आज जो लोग भारत की जनता को केक खिलाने की सोच रहे हैं, मुझे विश्वास है मन्त्री जी उनके भ्रामक विचारों के जाल में नहीं आयेंगे ।

सभापति जी, अब हरित क्रान्ति प्रारम्भ हुई तो हमारे बहुत से शिक्षित वर्ग के लोग कृषि की तरफ आकर्षित हुए जिन में डाक्टर्स, प्रोफेसर्ज भी थे । Doctors, Professors and even retired Generals were very much attracted towards agriculture.

लेकिन बीच में कुछ इस तरह की नीति चली कि the doctors, professors and retired Generals went back to cities leaving their farms. Why did they do so ?

यह सोचने की बात है कि जो शिक्षित वर्ग कृषि की तरफ आकर्षित हुआ था, वह फिर से नगरों की तरफ क्यों चला गया ।

I am winding up, Sir. I will not take much time.

यदि वे फिर से इस तरफ वापस आ जायेंगे तो कम से कम इतना तो होगा कि विचारकों का वर्ग भी हमारे साथ होगा । जो हमारी बुद्धि को कम समझते हैं और समझते हैं कि इन की तो जंग लगी हुई बुद्धि है, इन पढ़े लिखे लोगों के आ जाने से, डाक्टर्स और प्रोफेसर्ज के बीच में आ जाने से, कृषि को विशेष लाभ होगा, हमारी विचारधारा को बल मिलेगा । इनको आकृष्ट करने का तरीका यह होना चाहिये कि कृषि पर आधारित जो उद्योग हैं उन को बढ़ावा दें या उन को कुछ ज्यादा इन्सेन्टिव दें, जिस से ज्यादा लाभ देखकर वे इस तरफ आकर्षित हो सकें ।

जहाँ तक नाशवान वस्तुओं का प्रश्न है जैसे गन्ना, आलू, प्याज आदि, इन के लिये पहले भी सुझाव दिया था कि पैरिशेबिल कमाडिटीज के लिये एक बोर्ड बनाया जाय जो हर प्रदेश को सजैस्ट करे कि किस प्रदेश में कितना गन्ना, कितना आलू, कितना प्याज उगाना है । इस

के बारे में तुरन्त कार्यवाही करने की जरूरत है। इस समय खेती में गन्ना खड़ा है। कभी खेती में आलू सड़ता है, कभी प्याज सड़ता है। जब तक आप इस तरह का बोर्ड स्थापित नहीं करेंगे, काम नहीं चलेगा।

•

पूरे देश में जो खाद्यान्न का उत्पादन हो रहा है, उसके भावों में यूनीफार्मिटी होनी चाहिये उन की दर एक होनी चाहिए। ऐसा नहीं होना चाहिये कि आन्ध्र प्रदेश में कोई सरकार आई तो उसने धान के भाव बढ़ा दिये। ऐसा नहीं होना चाहिये कि एक वस्तु के एक जगह पर ज्यादा दाम मिलें और दूसरी जगह पर कम मिलें। चाहे वे स्टेट के दाम हों, या केन्द्र द्वारा निर्धारित दाम हों, उन में यूनीफार्मिटी होनी चाहिये।

MR. CHAIRMAN : Please try to wind up. This is a very wide subject. The other Members also have to speak.

SHRI RANA VIR SINGH : I will not take more than five minutes.

MR. CHAIRMAN : You have already taken 19 to 20 minutes.

SHRI RANA VIR SINGH ; Only five minutes more.

MR. CHAIRMAN : Please try to wind up.

**श्री रणवीर सिंह :** अब मैं थोड़ा सा भूमि के सम्बन्ध में कहना चाहूंगा। हमारे यहाँ जितनी उपजाऊ भूमि है उस में फैक्ट्री लगाना या एरोड्रोम बनाना बन्द करें तथा ये सब चीजें उस भूमि में करें जो उपजाऊ नहीं है। आज सीलिंग के तमाम मुकदमे उच्च-न्यायालय में पड़े हुए हैं, उन का विवरण नहीं हो पाता है क्योंकि लोग कोर्ट से स्टे-आर्डर ले आते हैं। मैं यह निवेदन करना चाहता हूं कि सरकार उन को अच्छा मुआवजा दे ताकि वे कचहरियों से अपने मुकदमे उठा लें तथा उस जमीन का वितरण हो सकें। आज ऐसी बहुत सी भूमि बेकार पड़ी हुई है। उस में कृषि नहीं हो पा रही है। इसलिए उस में तुरन्त निराकरण करने जी जरूरत है।

सभापति जी, हमारे यहाँ बहुत सारे विश्वविद्यालय बनाने की बात हो रही है। मैं आपके माध्यम से निवेदन करना चाहूंगा कि कृषि विश्वविद्यालय भी आप को अधिक संख्या में बनाने चाहिए। जहाँ-जहाँ हमारे कृषि फार्म हैं, वहाँ पर कृषि विश्वविद्यालय बनाने चाहिये और उत्तर प्रदेश में हमारा जिला, बहराइच जिला, एक ऐसी आदर्श जगह है, जहाँ पर विश्वविद्यालय बनाया जा सकता है और यह भी हमारी कोशिश होनी चाहिये कि जो कृषक पुत्र हैं, उनके लिये इन विश्वविद्यालयों में आरक्षण रखा जाये ताकि कम से कम एक ब्रान्च में तो आगे जाकर वे कुछ कर सकें और अपना भविष्य बना सकें।

मैं अब वाइन्ड अप कर रहा हूं। हम अच्छी तरह से जानते हैं कि हमारी पूरी एकोनामी कृषि पर आधारित है और कृषि की एकोनामी में अगर किसी तरह की भी कमी आ जाय, तो उससे पूरी एकोनामी चरचरा सकती है। अन्त में मैं एक बात और कहना चाहूंगा। मेरे क्षेत्र के एक व्यक्ति ने मुझसे कहा था कि संसद में मन्त्रीगण को यह बात सुना दीजिये। बहुत पुरानी बात है कि पूरे देश की कृषि ने एक कन्या का रूप ले लिया और एक जगह जाकर खड़ी हो गई और बगल में एक भेड़ का बच्चा था जिस ने पूरे देश के खाद्यान्न का रूप ले लिया था और देश की जो पिटी-पिटाई राजनीति थी, उसको एक बोतल में मदिरा बनाकर उस कन्या के हाथ में दे दिया था। अब हमारे एक बहुत ही अच्छे आचरण वाले राजनीतिज्ञ उधर से जा रहे थे। हो सकता है कि वे किसी देश के कृषि-मन्त्री हों। कन्या ने उन्हें रोक कर कहा कि प्रगति के पथ पर तब जाने पाओगे जब या तो मुझसे शादी करो, या भेड़ के बच्चे को मारो या दारू को पियो। अब हमारे सुदृढ़ राजनीतिज्ञ यह सुन कर घबड़ा गये और सोचने लगे कि क्या करना ठीक होगा। अगर लड़की से विवाह करता हूँ तो उचित आचरण नहीं है और अगर मेमने को मार देता हूँ, तो पाप होगा। तब सब से सस्ती बात उन्होंने यही की कि जो पिटी-पिटाई राजनीति

[श्री रणवीर सिंह]

की बोतल थी, उस की मदिरा को पी लिया और जब पी लिया तो ऐसे मदमस्त हुए और उसको पीने के बाद वही हुआ जो मदिरा पीने से होता है। मैं आपके माध्यम से यह कहना चाहता हूँ कि हमारे मन्त्री जी क्रान्तिकारी हैं और सही बात पसन्द करेंगे और उन की पसन्द इसके विपरीत होगी।

इतना कह कर मैं कृषि मन्त्रालय की मांगों का समर्थन करता हूँ।

**श्री जयराम वर्मा** (फैजाबाद) : अधिष्ठाता महोदय, मैं कृषि मन्त्रालय की मांगों के समर्थन में खड़ा हुआ हूँ और माननीय कृषि मन्त्री जी को उनकी किसानों के प्रति जो हमदर्दी है, किसानों के हितों के लिये वे जो प्रयास करते हैं, उसके लिये उनको बधाई देना चाहता हूँ। हमारे नौजवान साथी उन के सहायक हैं और वे काफी जोशीले हैं और किसानों से सहानुभूति रखते हैं। ऐसी स्थिति में मैं समझता हूँ कि किसानों के हितों का पूरे तौर से साधन होगा और उस में कोई कमी नहीं रहेगी।

इस बात को बहुत बल देने की आवश्यकता नहीं है कि कृषि की सर्वाधिक प्राथमिकता है और सब से महत्वपूर्ण आवश्यकता की वह पूर्ति करती है। 75 फीसदी हमारी आबादी उसके ऊपर निर्भर करती है और गाँवों में 75 फीसदी के अलावा जो 12 फीसदी और लोग रहते हैं, यद्यपि वे खेती नहीं करते हैं लेकिन उनका सीधा सम्बन्ध खेती से होता है। इस तरह से करीब 87 फीसदी आदमी ऐसे हैं, जो कृषि पर निर्भर करते हैं। खेती का आधुनिकीकरण, नियन्त्रीकरण और उसका विकास करके वे देश में खुशहाली ला सकते हैं। खेती के विकास की दर सचमुच निर्धारित करती है देश के विकास की दर को।

ऐसी स्थिति में, देश की जो हमारी अर्थव्यवस्था है, उसमें ज्यादा हिस्सा कृषि का है। इसलिये हमारी अर्थव्यवस्था ठीक रहे, उसके लिये यह जरूरी है कि कृषि की हालत ठीक रखी जाए और बराबर पैदावार बढ़ाने की कोशिश की जाये। जो लोग इसमें लगे हुए हैं उनको सचमुच प्रोत्साहन दिये जाएँ जिससे कि वे पूरी शक्ति और पूरा समय लगा कर सही मायनों में विकास करें।

श्रीमन् यह ठीक है कि 1967-68 और 1981-82 के बीच जिन वर्षों में मौसम अच्छा नहीं रहा है उनको छोड़ कर शेष वर्षों में पैदा बढ़ी है। इन 14 वर्षों में पैदावार की हमारी वृद्धि की दर 2.48 प्रतिशत रही है। 1981-82 में पैदावार और ज्यादा बढ़ी।

श्रीमन् इस से हरित क्रान्ति तो आई लेकिन उसमें टिकाऊपन और स्थिरता नहीं आ पाई। उसमें टिकाऊपन और स्थिरता न होने की वजह से पिछले साल हमें विदेश से गेहूं खरीदना पड़ा। हमारा देश ऐसा नहीं कर सकता कि अन्न के ऊपर इतना रुपया खर्च करे और बाहर से अन्न मंगा कर देश के लोगों को खिलाये। इसलिये हमें इस मामले में आत्मनिर्भरता में टिकाऊपन और स्थिरता लाने की जरूरत है। उसके लिये प्रयास हो रहे हैं और उन प्रयासों में कुछ और वृद्धि करनी होगी, उनमें तेजी लानी होगी।

श्रीमन् जब कोई काम किया जाता है तो उस काम के सम्पादन में समय का निर्धारण होना चाहिए। अगर समय के साथ विवेक और भय भी सम्मिलित कर दिया जाए तो उस कार्य में तेजी आ जाती है। हमको अपने देश में अगर अपनी आत्मनिर्भरता में सचमुच टिकाऊपन लाना है तो हम को इसके लिये समय निश्चित करना पड़ेगा कि कितने दिन में हम इस काम को कर लेंगे। क्योंकि देश की स्थिति ऐसी नहीं है कि हम इतना रुपया बाहर से अन्न मंगाने पर खर्च करें।

इसका समय निर्धारित कर के किसानों के लिये इन्सेन्टिव जोड़ दिया जाए। इस से किसान ज्यादा मेहनत करेगा और उससे हमारी पैदावार में तेजी आयेगी। मैं तो अपने कृषि राज्य मन्त्री और मन्त्री जी से कहता हूं कि वे किसान के लिये एन्सेन्टिव पर जोर दें। इस से पैदावार में तेजी आयेगी। दूसरे मैं यह चाहता हूं कि इस के साथ विवेक और भय को भी जोड़ दिया जाये। हमारे अधिकारीगण को यह कह दिया जाय कि वे इतने दिनों में आत्मनिर्भरता

में टिकाऊपन ले आएं। इसके साथ ही भय भी जोड़ दिया जाए और मन्त्री जी अपने लिये विवेक भी जोड़ लें जिससे कि वे विवेक से काम ले कर इस काम को करें। इस तरह से इन्सेन्टिव से, विवेक से और भय, से जो यह परेशानी है वह परेशानी दूर हो जायेगी।

श्रीमन्, गत साल सबसे अधिक, रिकार्ड पैदावार हुई है। इस साल यह भी आशा की जाती थी कि इससे भी ज्यादा पैदावार होगी। लेकिन देश का दुर्भाग्य रहा है कि हमारे देश के बहुत बड़े भाग में सूखा पड़ा। 15 राज्यों और एक केन्द्र शासित प्रदेश में सूखा रहा जबकि 12 राज्य और एक केन्द्र शासित प्रदेश बाढ़ और चक्रवात से प्रभावित रहे। परिणाम यह रहा कि इस देश की 31 करोड़ जनता इन विपत्तियों से प्रभावित रही। यह सूखा 1979-80 से भी ज्यादा भयंकर सूखा था, जिसका परिणाम यह हुआ कि हमारी खरीफ की पैदावार काफी कम हो गयी।

मैं कृषि मन्त्री को बधाई देना चाहता हूं कि उन्होंने इस बात की कि पूरी कोशिश की जो कमी हो रही है, वह कमी ज्यादा न हो। वे होने वाली कमी को 80-90 लाख टन के बीच में ले आयें। 1979-80 में 150 लाख टन की कमी हुई थी। यह सघन प्रयास किया गया है कि रबी की पैदावार इतनी बढ़ाई जाए कि खरीफ की कमी पूरी हो सके। इसके लिये सारे उपाय किये गये हैं। अच्छा बीज बड़ी मात्रा में वितरित किया गया है। पिछले साल के 30 लाख टन से बढ़ाकर 42 लाख टन कर दिया गया है। खाद भी पिछले साल 60.6 लाख टन वितरित की गई थी जो उस साल 66.2 लाख टन की गई है। इसके अलावा बीज मनी किट्स बहुत बांटा गया है। पिछले सालों के मुकाबले बहुत ज्यादा मनी किट्स बांटे गये हैं, मुफ्त दिए गए हैं। इसका परिण भी अच्छा हुआ है। सारी चीजें की गईं, लेकिन देश का दुर्भाग्य है कि जब फसल तैयार है ऐसे समय में बारिश हो रही है। खयाल यह था कि गेहूं की रिकार्ड पैदावार होगी। पता नहीं ईश्वर क्यों नाराज है। वर्षा से कितना नुकसान हुआ है अभी यह निश्चित तौर पर नहीं कहा जा सकता, लेकिन इससे उत्पादन में काफी कमी आयेगी। जो यह सोचा गया था कि पैदावार बढ़ाकर कमी को 50 लाख टन तक ला देंगे वह अब नहीं हो सकेगा। कमी और ज्यादा हो जायेगी। इस तरह की परेशानियां आती रहती हैं। लेकिन अगर प्रयास किया जाये तो यह दिक्कत आगे नहीं रहेगी। परेशानी दूर हो सकती है।

जहां तक दालों का सवाल है, इनकी पैदावार ज्यादा नहीं बढ़ी है। पैदावार एक तरह से एक जगह पर टिक गई है। दाल शाकाहारियों के लिए आवश्यक है और मांसाहारियों में भी जो गरीब हैं, उनके लिये भी दाल आवश्यक है। प्रोटीन की पूर्ति दाल से की जाती है। दाल ऐसी चीज है जो विदेशों से ज्यादा नहीं मंगवाई जा सकती। अगल-बगल के देश थोड़ी बहुत दाल दे सकते हैं, लेकिन बड़े देश नहीं दे सकते। वहां पर दाल खाई ही नहीं जाती। इसलिये दाल की पूर्ति हमको अपने ही साधनों से करनी होगी। इसके लिये दूसरों के भरोसे नहीं रह सकते। कुछ चीजें तो ऐसी हैं जिनकी पैदावार घटती जा रही है। अधिष्ठाता जी पता नहीं आपके प्रदेश में क्या हालत है। हमारे प्रदेश में चना और मटर की पैदावार घटती जा रही है, इसका एक कारण यह है कि इनमें कीड़े बहुत लग जाते हैं। इसके लिये सरकार को दवाओं का मुफ्त इन्तजाम करना होगा। किसानों के भरोसे इस बात को नहीं छोड़ा जा सकता। अगर एक किसान दवा छिड़कता है और दूसरा नहीं छिड़कता है तो कीड़े-वहां भी पहुँच जाएंगे। दूसरी बात इस सिलसिले में यह है कि अधिक उपज वाली जो धान की किस्में हैं वे अधिकतर देर में पकती हैं। जब पकती हैं तब चना और मटर बोएं तो ज्यादा पैदावार नहीं होती। तब तक चना और मटर का समय निकल गया होता है। पहले जो देशी किस्में थीं उनमें कुछ जल्दी पक जाती थीं। जल्दी पक जाने से चना और मटर बोने का समय रहता था। इस तरह, चना और मटर बो लेते थे और आज के मुकाबले में पैदावार भी दुगुनी हो जाती थी। आप ऐसी किस्में निकालें जिससे धान की अधिक उपज हो सके और थोड़े समय में ही पक जाये जिससे उसको काटने के बाद किसान चना और मटर बो सके। अगर सरकार कीड़े मारने का भी इन्तजाम कर दे तो

[श्रीजयराम वर्मा]

चने और मटर की पैदावार, जो हमारे प्रदेश की प्रमुख दालें हैं काफी बढ़ जायेंगी।

वैज्ञानिकों ने खोज करके अरहर की ऐसी किस्में निकाली हैं जो कम समय में हो जाती हैं। एक किस्म यह भी निकाली है कि उनको वर्षा आने से पहले बो देना चाहिए। जब बरसात आये तो उसका पौधा पहले ही बड़ा हो जाये और बरसात से नुकसान न हो सके। खेत में ज्यादा पानी वर्षा में ही जाए तो सारी फसल ही सूख जायेगी। इसलिये, हमारे वैज्ञानिकों को जल-प्रतिरोधक यानी वाटर रेजीसटेंट किस्में निकालनी पड़ेंगी जिससे कि यह फसल सूखने न पाये। अरहर में एक "विल्ट" नाम की बीमारी होती है। इसके लगने से पूरा पौधा ही सूख जाता है। वैज्ञानिक अभी तक ऐसा तरीका नहीं निकाल पाये कि इसको कैसे रोका जा सके? इसलिए, मैं यह कहना चाहता हूं कि जल्दी से जल्दी कोई तरीका निकालना होगा जिससे अरहर की फसल में यह बीमारी न लग सके। जिस गति से हम चल रहे हैं, उससे तो बीस बरस में भी अपनी दलहन की जरूरत को पूरा नहीं कर सकेंगे। इसी प्रकार तिलहन में भी कई बीमारियाँ होती हैं, जिनके लगने से पूरी की पूरी फसल ही चौपट हो जाती है। उसकी दवा का इन्तजाम भी सरकार को अपने ऊपर लेना चाहिए। जो नयी किस्में निकाली जाती हैं उनका ज्यादा से ज्यादा प्रचार किया जाये जो पैदावार बढ़ सके।

खाद के बारे में भी कुछ कहना चाहता हूँ। अपने देश में खाद ज्यादा बढ़ाई जा रही है जिसकी वजह से आयात कम हो रहा है। इससे विदेशी मुद्रा में काफी बचत होगी। ऐसा कार्य अवश्य करना चाहिए कि अपने ही देश में खाद का इन्तजाम हो जाए। एक बात मैं अवश्य कहना चाहूँगा कि आपका खाद वितरण का इन्तजाम संतोषजनक नहीं है। को-आपरेटिव के जरिए से यह खाद मिलती है। आमतौर से शिकायत यह होती है कि बोरे में खाद का वजन कम होता है। तीन-चार किलो कम होने पर भी किसान उसको ले लेता है। इस तरह से जो खाद निकालते हैं, उनको सख्त सजा मिलनी चाहिए तभी उनमें डर पैदा होगा और यह स्थिति ठीक हो जायेगी। 'इफ्को' की खाद बहुत अच्छी होती है। स्टेट लेबल के जो संघ हैं, उनको इफ्को खाद दे देता है। वे अपनी सोसायटी के जरिये से उस खाद को बँटवाते हैं। कहीं-कहीं पर तो इफ्को ने अपने सेल पाइन्ट भी खोल रखे हैं। हमारे प्रदेश में तो 27 सेल पाइन्ट खुले हुए हैं। तो हम चाहते हैं कि 27 ही क्यों हों? हर जिले में कम से कम 1 सेल पाइन्ट हो जिससे किसान खरीद सकें और वहीं से सोसाइटीज को भी खाद दी जा सकती है। इससे दो बिचौलिये हट जायेंगे। जो सोसाइटीज अच्छी हैं उनको अगर सीधे खाद मिल सके तो अच्छा रहेगा। इससे खाद में गड़-बड़ भी नहीं होगी।

तीसरी बात गन्ने के बारे में है। हमारे प्रदेश में 91 या 92 चीनी मिलें हैं। उनमें विभिन्न गन्ने की दरें चल रही हैं जो कि ठीक नहीं है। उनमें 5 कस्टोडियन मिल्स हैं जो सबसे कम दाम दे रही हैं और कहा जाता है कि केन्द्रीय सरकार ने जो इन्डिकेशन दिया था दाम का, उसको उत्तर प्रदेश सरकार ने नहीं माना। इसलिये दाम के बारे में मेरा कहना है कि इस साल स्टेट्यूटरी प्राइस गन्ने की 13 रु० साढ़े 8 परसेन्ट रिकवरी पर है। पिछले साल भी यही प्राइस थी और उससे पिछले साल भी 13 रु० स्टेट्यूटरी प्राइस थी साढ़े 8 परसेन्ट रिकवरी पर। यानी तीन साल से वही रेट चले आ रहे हैं। तो कौन सी बात हो गई इस साल जो गन्ने का मूल्य कम हो जाय? पिछले साल 21.50 रु० और 22.50 रु० प्रति क्विंटल दाम गन्ने का दिया। पंजाब ने 27 रु० दिया। लेकिन इस साल उत्तर प्रदेश में 20.50 रु० और 21.50 रु० कर दिया। स्टेट्यूटरी प्राइस वही है और हमारी स्टेट में बिजली का दाम ड्योढ़ा हो गया, 22.50 रु० प्रति होर्स पावर कर दिया गया। सिंचाई का रेट भी बढ़ गया। राज्य सरकार बिजली और सिंचाई का रेट बढ़ाये फिर किस मुँह से कहें कि हम गन्ने का दाम कम करें? सरकार को दाम बढ़ाना चाहिए था। बजाय बढ़ाने के घटाये। तब भी केन्द्रीय सरकार उसको मानने को तैयार नहीं और 5 मिलें कास्टोडिन की हैं, एक सहारनपुर में है, एक मुरादाबाद में है जिसमें क्रमश: 18.85 तथा 17.60 रु० दे रहे हैं, दो देवरिया में है और एक मिल गोंडा में है जहाँ 17.40 रु० दे रहे

हैं और वहीं पर प्राइवेट मिलें 20.50 रु० प्रति क्विटल गन्ने का भाव दे रही हैं। वहां पर किसानों ने गन्ना देना बन्द कर दिया था। तो हमारे मुख्य मन्त्री ने आश्वासन दिया था कि आप लोग गन्ना दें हम केन्द्रीय सरकार से यह मन्जूर करा लेंगे कि तुमको वही दाम दिये जायें। बार-बार कहने पर भी अभी सरकार उसके लिये तैयार नहीं हुई है। मैं मन्त्री जी से कहूँगा कि किसानों के लिये जो हमदर्दी है उसको खोयें नहीं। एक ही जिले के कई तरह के रेट हों, और जो केन्द्रीय सरकार का रेट हो वह सबसे कम हो, इसको लोग कैसे मानेंगे? बड़ी नाराजगी होगी। इसलिये इसको ठीक किया जाय।

दूसरी बात यह है कि पिछले साल 1981-82 में हमारे प्रदेश में गन्ने के मूल्य का बकाया 20.2 करोड़ था, उसके पहले 4.39 करोड़ बकाया था। यानी कुल 28.29 करोड़ रु० बकाया किसानों का पड़ा हुआ है। इस साल बकाया कम से कम 125 करोड़ रु० हो गया होगा। हमारी राज्य सरकार ने कहा था कि 1981-82 का बकाया हम किसानों को देंगे। राज्य सरकार ने 20 करोड़ रुपये का कर्जा यहां से मांगा है और कहा है कि अगर केन्द्रीय सरकार यह कर्जा हमें दे दे तो हम यह काम चला लेंगे, पिछले साल का बकाया किसानों को दे देंगे।

मेरी माननीय मन्त्री जी से प्रार्थना है कि वह राज्य सरकार की मदद करें। अगर राज्य सरकार को यह रुपया मिल जायेगा तो किसानों को अपना बकाया रुपया मिल जायेगा और वह अपनी परेशानी से बच जायेंगे।

किसानों का रुपया मिलों पर बकाया है, लेकिन फिर भी किसान की तरफ जो बकाया है, उसकी वसूली उससे की जा रही है। यह आदेश राज्य सरकार को देने की जरूरत है कि जितना रुपया किसान का मिलों की तरफ बकाया है, कम से कम उतना रुपया बकाया होने तक राज्य सरकार किसान से वसूल न करे। यह न्याय की बात है। सरकार के कहने से वह मिलों को गन्ना दे रहे हैं। अगर उनकी बकाया उन्हें मिले नहीं और सरकार अपने बकाया के लिये उनसे सख्ती करे तो यह बात अच्छी नहीं है। माननीय मन्त्री जी यह आदेश दिलवायें कि इस तरह को ज्यादती उनके साथ न की जाये।

मैं मन्त्री जी से अपील करूँगा कि वह किसानों की हमदर्दी लें और जो गड़बड़ी हो रही है, उसे दूर करने की कोशिश करें।

अब पानी बरस जाने से गेहूँ का रंग बदरंग हो जायेगा। इसका भी आपको ख्याल करना पड़ेगा। वसूली में उनको छूट देनी पड़ेगी। गेहूँ का रंग बदल जाने पर भी उसको खरीदने का इन्तजाम करना पड़ेगा। उसका दाम ज्यादा न घटाया जाये और वह बदरंग गेहूँ भी जो खराब न हो, खरीदा जाये तो सरकार को गेहूँ भी मिल जायेगा और किसान को परेशानी भी नहीं होगी।

इन शब्दों के साथ मैं फिर माननीय मंत्री जी को उनकी दिलचस्पी के लिये, किसानों के साथ उनकी हमदर्दी के लिये धन्यवाद देना चाहता हूं लेकिन मैं यह चाहता हूं कि यह हमदर्दी रुक न जाये कुछ और हमदर्दी उनके साथ होनी चाहिये, जिससे किसान की परेशानी दूर हो।

**श्री चतुर्भुज (झालावाड़)**: माननीय सभापति जी, बजट की प्रतिक्रिया हमेशा होती आई है। मैं कुछ नमूने कृषि मंत्री जी के सामने पेश करता हूं और आशा करता हूं कि वह गम्भीरता से उनका जवाब देंगे।

33 वर्षों के कार्यकाल में हमेशा बजट पेश होता आया है, लेकिन कृषि की उन्नति कहां है, किसान की दशा क्या है? 75 प्रतिशत व्यक्ति गाँव में रहते हैं आज उनकी दशा क्या है? हमारे कृषि मंत्री जी का स्टेटमैंट है कि प्रकृति हमारा साथ नहीं दे रही है। कृषि मंत्री का एक स्टेटमैंट 27 फरवरी, 83 के "हिन्दुस्तान टाइम्स" में है—अभी अनेक वर्षों तक हमें खाद्यान्न आयात करना पड़ेगा। उनके इस स्टेटमैंट से यह बात साफ दिखाई देती है कि हमारा कृषि योजना आयोग फेल हो चुका है। कृषि वैज्ञानिक, कृषि प्रशासन और सारा कृषि तन्त्र अपनी जगह फेल हो चुका है। उनका यह स्टेटमैंट

[श्री चतुर्भुज]

निराशाजनक है। कौन है इसके लिये उत्तर-दायी ?

मंत्री जी ने स्वयं स्वीकार किया है कि सरकार अपनी जगह फेल हो चुकी है। राजनीतिक तन्त्र, प्रशासन, तन्त्र, कृषि तन्त्र सारा फेल हो चुका है। इसके स्टेटमैंट से साफ जाहिर है कि सारी व्यवस्था इनकी फेल हो चुकी है।

मैं इसके आगे बताऊँ। एक श्री डी० जी० पन्त हैं वाइस चांसलर कुमोद यूनिवर्सिटी के। वहां यह हो रहा है कृषि वैज्ञानिक एवार्ड मेरिट्स पर न लेकर, तुम भी लो—मैं भी लू की नीति पर निर्धारित है। कृषि वैज्ञानिकों में अनेक बड़े ईमानदार और निष्ठावान् हैं, लेकिन कुछ वैस्टिड इन्ट्रेस्टस वाले व्यक्ति हैं निदेशक आदि, जो वैज्ञानिकों को आगे नहीं बढ़ने देना चाहते हैं। इसका प्रमाण यह है कि पिछले बीस वर्षों में 25 वैज्ञानिकों ने आत्महत्या की है। आई० ए० आर० आई० और आई० सी० ए० आर० में 7 कृषि वैज्ञानिकों ने आत्महत्या की है। इसके लिए कौन दोषी है ?

तलवाड़ कमेटी ने निरीक्षण करने के बाद स्टेटमेंट दिया कि जिस पशुशाला में वैज्ञानिक एक्सपेरिमेंट करते हैं, वहाँ पशु नहीं हैं, वैज्ञानिक बिना पशुओं के काम कर रहे हैं। ब्रिटेन की एक वार्षिक पत्रिका "साइंस एण्ड फ्यूचर" 1979 में कहा गया है कि स्वामीनाथन का सोनारा गेहूं का दावा विश्व का सबसे बड़ा झूठ है। 1967 के बाद इन पंद्रह साल में कोई प्रगति नहीं हो पाई है, वह कोई नई किस्म नहीं निकाल पाए हैं। तो फिर इन बड़े-बडे वैज्ञानिकों को किस बात के लिए एवार्ड दिया गया है ? देश को इस शोचनीय स्थिति में कौन डाल रहा है ? योजना आयोग, कृषि मूल्य आयोग, कृषि वैज्ञानिक, डायरेक्टर, विधान सभाओं या लोक सभा में जितने भी राजनैतिक तन्त्र हैं, वे इस पर गंभीरता से विचार नहीं कर रहे हैं। बूचड़खाने में मवेशियों का वध किया जाता है, लेकिन इस देश में किसानों का वध करने के लिए बूचड़खाना तैयार किया जा रहा है।

आज गांवों में शिक्षा नहीं है : शहरों में 30 प्रतिशत शिक्षा हो सकती है, लेकिन गांवों में केवल 16 प्रतिशत शिक्षा है। वहां पर 80 व्यक्तियों में से एक अंधा और अपंग है। वहां पर बेरोजगारी का ताडंव हो रहा है। चोरी, डकैती और अन्याय गाँवों की तरफ बढ़ रहे हैं। वहां सड़कें नहीं हैं। गाँवों के लोग कपड़े के सौ टुकड़े जोड़ कर एक कमीज तैयार करते हैं और दस टुकड़े जोड़ कर धोती तैयार करते हैं। केवल 4 प्रतिशत किसान खुशहाल हैं। 96 प्रतिशत कृषक गरीबी की रेखा के नीचे हैं या किनारे पर हैं। बजट का एक-चौथाई खर्चा कृषि पर खर्च होता है, जो 4 परसेंट राष्ट्रीय आय पैदा करता है, जबकि तीन-चौथाई खर्चा उस क्षेत्र में होता है, जो केवल एक परसेंट राष्ट्रीय आय पैदा करता है।

इन सारी योजनाओं को तन्त्र को बदलना पड़ेगा, वर्ना 80 परसेंट लोग हथियार-युक्त हो कर क्रान्ति की ज्वाला सुलगा कर 20 परसेंट लोगों को खा जाएंगे। हम कहते हैं कि भारत एक है, सब भारतमाता की पूजा करें, ताकि राष्ट्र का गौरव बढ़े, लेकिन वर्तमान योजना-तन्त्र के माध्यम से देश में दो वर्ग बना दिए गए हैं। किसानों को झूठे नारे देकर उनकी दुर्दशा की गई है। हमारे गांवों के अधिकांश व्यक्ति दिल्ली में आकर नए भारत को देखने की कल्पना भी नहीं कर सकते। दिल्ली, कलकत्ता, बम्बई, मद्रास आदि महानगरों के दर्शन करना तो दूर की बात है, उन्होंने रेलवे और हवाई-जहाज के दर्शन भी नहीं किए हैं। यह दुर्भाग्य की बात है।

राजस्थान में सूखे के कारण लाखों की संख्या में मवेशी दस दस रुपए में बेचे जा रहे हैं। लेकिन कृषि मन्त्री ने यहाँ पर कहा कि वहाँ पर भूख से एक भी आदमी नहीं मरा है। हम राजस्थान के रहने वाले हैं। उस दिन हमारे आँखों में आँसू आ गए। जैसलमेर और बाड़मेर के इलाके उजड़ रहे हैं। वहाँ पानी नहीं मिल रहा है। तालाबों और गड्ढों में जो थोड़ा बहुत पानी है, जिसको मवेशी भी नहीं पीते हैं, लोग उससे अपना निर्वाह कर रहे हैं, जिसके कारण वहाँ बीमारी फैल रही है।

यदि लोगों के पास रोजगार नहीं होगा, यदि उन्हें सही भोजन नहीं मिलेगा, तो देश कभी खुशहाल नहीं हो सकेगा। इसलिये सारी

योजनाओं का विश्लेषण करना चाहिए। दूर दृष्टि, कड़ी मेहनत, अनुशासन और 20 सूत्री कार्यक्रम पर अगर कोई पानी फेरने वाला है, तो यही तन्त्र है, जो अपने नेता का नाम ले कर स्वयं कमाई करके देश की पीठ में छुरा भोंक रहा है, किसानों के साथ धोखा करके देश को पंजे का निशान दिखा रहा है।

पांच उंगलियों के बीच में सारे देश को तबाह कर दिया गया है। आपको एक दिन इस बात पर विचार करना होगा कि अगर इस देश के 80 प्रतिशत नंगे और भूखे लोग एक साथ खड़े हो गए तो यह देश कहां रहेगा? आज छोटी-छोटी बातों को लेकर असम और पंजाब खड़े हो सकते हैं उसी तरह से यदि 80 प्रतिशत किसान भी एक साथ खड़े हो गए तो इस देश का लोकतन्त्र नष्ट हो जायेगा। इस-लिए आप अपनी गलती मत दोहराइए। आप एक से गिनती गिनना प्रारम्भ करेंगे तो किसान आपको माफ कर देगा वरना आपको माफ नहीं करेगा। आज इस देश की सारी योजनाओं को योजना आयोग प्रशासन और ब्यूरोक्रेसी चाट गई है। इसी सदन की लोक लेखा समिति ने अभी एक रिपोर्ट इस सदन में पेश की है। जिसमें बताया गया है कि पहली योजना से लेकर छठी पंचवर्षीय योजना तक 205 परियोजनायें तैयार नहीं हो पाईं, केवल 29 ही तैयार हुईं। इसके अलावा जिस परियोजना पर एक करोड़ का खर्चा होना था उस पर 25 करोड़ खर्च हो गया। क्या इस सरकार को यह नहीं मालूम है कि प्रशासन में क्या हो रहा है? आज नीचे के लेवल पर जो पटवारी है वह किसानों के लिए भगवान है और वह पटवारी आज किसानों का खून चूस रहा है। किसान न तो लोकसभा और न विधान सभा को जानता है, न मन्त्री महोदय और कलक्टर को जानता है, उसके क्रियाकलापों में केवल पटवारी ही काम आता

14.47 hrs.

*(Shri Somnath Chatterjee in the Chair)*

है इसलिए वही उसका भगवान है और वही पटवारी उसका खून चूस रहा है। आज किसानों में खून भी नहीं रह गया है। तौलने पर एक किसान में 25 किलो और नौजवान में 30 किलो से ज्यादा खून नहीं मिलेगा। आप कहते हैं कि अनाज के दाम बढ़ा दिए लेकिन अगर आप देखें तो आपको मालूम होगा कि पिछले दस वर्षों में कृषि जिन्सों के भाव केवल दस परसेन्ट ही बढ़े हैं जबकि किसान के उपयोग में आने वाली दूसरी चीजों के दाम दस गुने बढ़ गये हैं। ऐसी स्थिति में किसान बेचारा क्या करे? बाजार में एक, दो, तीन की बोली लगाकर किसान की उपज ले ली जाती है। हम यहां पर लोक-तन्त्र की बातें करते हैं। कांग्रेस की सरकार अपने को किसानों का रहनुमा बताती है लेकिन ऐसी बात नहीं है। कृषि मूल्य आयोग, योजना आयोग, ब्यूरोक्रेसी, प्रशासन, लोकसभा और सारी की सारी विधान सभायें किसानों के बूचड़खाने हैं, जहां पर किसानों का खून चूसा जाता है और उनकी हत्या की जाती है। किसानों में इसका प्रतिरोध करने और बोलने की शक्ति नहीं है। आपको मालूम होना चाहिए कि एक एकड़ भूमि पर कितने कृषक निर्भर करते हैं और बीस एकड़ से लेकर पचास एकड़ तक की भूमि पर कितने किसान निर्भर हैं। किसानों को तीन घन्टे भी बिजली नहीं मिलती है। यदि किसान एक दिन के लिये भी चूक जाये तो 24 घन्टे में ही उसकी बिजली काट दी जाती है। दूसरी तरफ टाटा बिड़ला पर 3600 करोड़ बिजली का बकाया है लेकिन वह वसूल नहीं किया जाता है। 64 उद्योग घराने, जो सबसे बड़ी लिमिटेड कम्पनियां हैं, जो कि इस देश का सर्वनाश कर रही हैं, उनके ऊपर कोई वेल्थ टैक्स नहीं लगाया जाता है। दूसरी ओर जो इस देश के किसान हैं जो कि इस देश की चार प्रतिशत आय पर निर्भर हैं उन पर बजट का केवल एक चौथाई ही खर्च किया जाता है। 28 हजार करोड़ की सिंचाई की योजना बनाई गई लेकिन 600 करोड़ ही खर्च किये गये।

मैं कहना चाहता हूं कि इस देश को व्यक्ति चाट रहे हैं। आप राष्ट्रद्रोह की एक लिस्ट बनाइये। कृषि विभाग के अन्दर एक लिस्ट बनाई जानी चाहिये। प्रशासन के अन्दर, ब्यूरोक्रेसी के अन्दर, जनप्रतिनिधियों के अन्दर एक लिस्ट तैयार की जानी चाहिये। जो देश के साथ बेईमानी करता है, भ्रष्टाचार करेगा, अत्याचार करेगा, उनकी भी एक लिस्ट तैयार की जाये। लेकिन यहां तो पुरस्कार मिलता है। देशद्रोही की जो सजा होती है, वह उसी

[श्री चतुर्भुज]

व्यक्ति को मिलनी चाहिये, चाहे वह पटवारी हो, चाहे कृषि मन्त्री हो। आप अमरीका और स्वीटजरलैंड से 30 प्रतिशत मंहगा गेहूं लेने के लिये तैयार हैं, जिसको हमारा देश लेने के लिये तैयार नहीं है। कोई दुकानदार लेने को तैयार नहीं है। लेकिन मजबूरी में उसको खाया जाता है, जिससे टट्टी और पेशाब लगता है, अपाचन होता है। मृत्यु होती, तो कहा जाता है कि भूख से नहीं मरे हैं। 204 रु० प्रति क्विंटल अमरीका से और 228 रु० प्रति क्विन्टल स्वीटजरलैंड से गेहूं मंगाया है और आपने अभी हमारा भाव तय किया है 151रु० प्रति क्विंटल। चने का मूल्य पांच महीने पहले 235 रु० घोषित किया, लेकिन एक क्विन्टल भी नहीं उठाया गया। किसान 150-181-190 रु० सारा बेच रहा है। सिर्फ बड़े किसान ही रह गये हैं, जिनका खेती से गल्ला बाहर नहीं आया है, खलियानों में पड़ा हुआ है, लेकिन छोटा किसान अपना गल्ला बेच चुका है। मैं पूछना चाहता हूं कि कहां है यह खाद्य निगम? जिसके अन्दर सात परसेन्ट चूहे खा जाते हैं और तीन प्रतिशत उत्पादन होता है। जितना ईमानदारी से काम करोगे तो गंगाजी भोपाल में गिरेगी, गंगा सागर में नहीं गिरेगी। मैं आपको क्या रचनात्मक सुझाव दूं। जनता पार्टी की सरकार ने अपने समय में खाद्य जोन को समाप्त कर दिया था, जिसके तत्काल ही उत्पादन का रेशो तैयार हो गया था। आशंका प्रकट की गई थी कि मंहगाई बढ़ गई है, शक्कर मंहगी हो जायेगी, खाद्य तेल ऊंचे चढ़ जायेंगे और तेल ऊँचा चला जाएगा। 1977, 1978, 1979 का एक अपना रिकार्ड हैं, 35 साल की आजादी में। ये लोग दो साल के काल की बातों को आने वाले 40 सालों में पूरा नहीं कर सकेंगे। इनकी नीति और नीयत दोनों में अन्तर है। ये सुधार नहीं सकते हैं।

मैं ज्यादा लम्बा चौड़ा भाषण न करते हुए, आपसे निवेदन करता हूं कि आप खाद्य जोन को समाप्त कर दीजिये। मैंने इस बात को कन्सलटेटिव कमेटी में भी कहा था कि जब हमने राजस्थान में बीज निगम का बीच बांटा तो लाखों हैक्टेयर जमीन हमारी परती पड़ी रह गई केन्द्र से निर्देश दिया था कि 60 प्रतिशत उत्पादन मौजूद है, लेकिन हमारी खेती परती पड़ी हुई है। कृषि मन्त्री जी से मैंने कहा था कि आप इसकी जाँच करवाइये। जांच आयोग से जाँच करवाइये और दोषी पाये जाने वाले को मृत्यु दण्ड दीजिये। वहां की विधान सभा में हंगामा हुआ। कृषि मन्त्री ने स्वीकार किया, लेकिन इस सम्बन्ध में एक भी रिपोर्ट हमारे सामने नहीं आई है। सरकारी तन्त्र चाट रहा है, ब्यूरोक्रेसी चाट रही है, प्रशासन चाट रहा है, जनप्रतिनिधि चाट रहे हैं—इन सबसे भारत का निकलना बहुत मुश्किल है। यह देश तभी बाहर निकल सकता है, जब देश के नौजवान चाहे कृषि में हों, प्रशासन में हों, संकलन लेते हुए हर मोर्चे में आगे बढ़ेंगे, तभी यह देश जिन्दा रहेगा। हमारी दूरदर्शिता, अनुशासन, कड़ी मेहनत और 20 सूत्री कार्यक्रम रहे, लेकिन फिर भी हम भीख का कटोरा लेकर अमरीका के सामने जा रहे हैं। यह पाठ आप किसको सिखा रहे हो, विरोधी दल को, जिसने दो वर्ष शासन किया। आप किसको आह्वान कर रहे हो? सारे देश में तुम्हारा शासन है, केन्द्र में तीन-चौथाई शासन है। यह आप पाठ उन्हीं को पढ़ाइये। विधान सभाओं में जहाँ आपका बहुमत है, यह पाठ आप उन्हीं को पढ़ाइये। यह आप पाठ जो आपका प्रशासन है, ब्यूरोक्रेसी है, जितना आपका सरकारी तन्त्र है, उन्हीं को पढ़ाइये। सारे के सारे भ्रष्टाचार और देशद्रोह के केन्द्र बने हुए हैं कोई काम करने के लिये तैयार नहीं है। कर्तव्य निष्ठा से कोई काम करने के लिये तैयार नहीं है। देश को देश मानने के लिये तैयार नहीं है, किसान को किसान मानने के लिये तैयार नहीं है और 80 प्रतिशत किसानों को गुलाम कह कर पुकारते हैं।

गाँव के किसी व्यक्ति के लिए कहीं कोई स्थान नहीं है, अदालत में स्थान नहीं, किसी उच्च स्थान पर नहीं पहुँच सकता, दिल्ली में स्थान नहीं, बम्बई में स्थान नहीं, किसी भी अच्छे स्थान पर न किसी होटल में ठहरना उस के भाग्य में है। क्या 1 परसेन्ट भी कोई उस का नाम जानता है? देश में एशियाड गेम्स हुए, सारी योजनाओं का पैसा उस में लगा, दिया गया, जिन योजनाओं से किसान की खेती को पानी मिलता, बिजली मिलती, उनसे भी डबल पैसा फाइव-स्टार होटलों के बनाने में

खर्च कर दिया गया। इस देश में "तुगलकी-शासन" का नमूना पेश किया गया। धन्यवाद है—इस शासन को।

सभापति महोदय, यह कोई आलोचना का विषय नहीं है, लेकिन मुझे दुख है। इस देश के लिए मैं भिक्षा मांगता हूं, देश के किसानों के लिए भिक्षा मांगता हूं—तमाम योजनाओं पर पुनर्विचार कीजिये। योजना आयोग में जो लोग इस समय बैठे हुए हैं उनको शंट-आउट कीजिए और इस का फिर से गठन कीजिए। हर राज्य में मूल्य आयोग कायम कीजिए जो वहां की परिस्थितियों को देखकर, किसानों का गल्ला कट कर आता है और पानी पड़ जाता है, कभी अकाल पड़ जाता है, उन सब बातों को दृष्टि में रख कर अपने सुझाव आपको दें। आज किसानों के साथ क्या हो रहा है—उस का सारा पैसा कर्जे के चुकाने में जा रहा है। मैं कह सकता हूं—इस देश के 70 प्रतिशत किसान आज बन्धुआ मजदूर हैं, उन के लिए कुछ काम कीजिए, इन को बंधुआ मजदूरों जैसे बन्धन से छुड़ाइये। आप क्या एक या दो परसेन्ट बंधुआ मजदूरों की लिस्ट बनाते हैं, इन को छुड़ा कर इन की लिस्ट बनाइये।

दिल्ली में कितनी रैलियां होती हैं। आप की प्रधानमन्त्री जी ने जब पहली रैली निकाली थी, उसमें लाखों किसानों को इकट्ठा किया था, इस देश का सौभाग्य है कि उस किसान ने देश को आत्मनिर्भर बना दिया। यह अन्नपूर्णा भूमि है, इस देश में घी और दूध की नदियाँ बहती थीं। उस गौरव को प्राप्त करने के लिए आप के पास नीति होनी चाहिये और उस नीति को आप आत्मा से स्वीकार करेंगे तो यह अन्नपूर्ण धरती, हमारी मातृभूमि उस गौरव को प्राप्त कर सकेगी। वरना उस गौरव को प्राप्त करने में सैकड़ों वर्ष लग जायेंगे।

आज हम जो भीख का कटोरा लेकर अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के सामने गये हैं यह हमारे गौरव को डाउन करने वाली बात है, पतन करने वाली बात है। हम 5 हजार करोड़ रुपया उस से प्राप्त कर रहे हैं, आपने आज तक उस का लेखा-जोखा नहीं बतलाया है कि वह रुपया क्या किसान की खेती में काम आयेगा, सिंचाई में काम आयेगा, बिजली में काम आयेगा, पानी पिलाने में काम आयेगा, ब्याज चुकाने में काम आयेगा, विदेशों का कर्जा चुकाने में काम आयेगा, वह पैसा कैसे काम आयेगा, क्या आज तक आपने कोई श्वेत-पत्र प्रकाशित किया कि किस आधार पर, किन दरों पर हम यह पैसा ले रहे हैं। कुछ तो बतलाइये, हम भी जनप्रतिनिधि हैं, हम भी दस लाख लोगों को जाकर कुछ बतला सकें।

आप की सारी-की-सारी योजनायें बूचड़खानों में पड़ी हुई हैं जो आप के कार्यालय हैं, वहाँ उन पर दुधारी तलवार चल रही है। हमारा विकास "जीरो" पर आता जा रहा है। 1979-80 में भयंकर अकाल पड़ा था उस का आधार बना कर हमारी 1977-78 की योजना को असफल बतलाकर, उस स्थिति का आप ने नाजायज फायदा उठा कर, कहा था कि जनता शासन में कुछ नहीं हुआ। लेकिन आप के 35 सालों के शासन और पिछले 40 महीने के शासन ने क्या करके दिखा दिया है। आपका कृषि उत्पादन का लक्ष्य "जीरो" पर आता जा रहा है। आज आप का योजना आयोग घमण्ड से खड़ा नहीं हो सकता है, आप का बीज निगम घमण्ड से खड़ा नहीं हो सकता, आप की ब्यूरोक्रेसी घमण्ड से खड़ी नहीं हो सकती और वे खड़े भी हों तो किस आधार पर खड़े हों। आप को आंकड़े चाहिए, चाहे झूठे हों या सच्चे लेकिन हमको कुछ बतलाइये तो, जिस से हमारा सन्तोष हो सके।

अब मैं कुछ सुझाव देना चाहता हूँ—सम्पूर्ण देश का एक खाद्य क्षेत्र घोषित किया जाय। कृषि को लाभप्रद बनाने के लिए, किसान को दिये जाने वाले मूल्य में 30 प्रतिशत लाभ का हिस्सा दीजिए। कृषि मूल्य आयोग से कहिये कि उसके लिए दाम निश्चित करते समय उसके श्रम के अलावा, खाद, बीज, डीजल का मूल्य जोड़ने के बाद उसके लिए 30 प्रतिशत मुनाफे की घोषणा की जाय। तब हम समझेंगे कि आप आगे बढ़ रहे हैं।

**श्री राजेन्द्र प्रसाद यादव** (मधेपुरा) : ऐसा नहीं कर सकते।

**श्री चतुर्भुज** : खेती को उद्योग घोषित कीजिए। उसकी सीमा निर्धारित कीजिए।

[श्री चतुर्भुज]

आपने सीलिंग एक्ट चालू कर रखा है, बतलाइये अब तक आपने कितनी जमीन अधिगृहीत की है ? 15-20 सालों से सीलिंग एक्ट लागू है, लेकिन दोहरा कानून राजस्थान में है, दोहरा कानून उड़ीसा में है।

दोहरे कानून पंजाब के अन्दर, दोहरे कानून उत्तर प्रदेश के अन्दर और दोहरे मध्य प्रदेश के अन्दर हैं। ये सारे दोहरे कानून हैं। मैं यह भी कहना चाहता हूँ कि बहुत से राजा-महाराजा हैं, जमींदार हैं और जागीरदार हैं, जिन्होंने अपने यहाँ बिल्ली और कुत्तों के नाम पर सीलिंग की जमीन ले ली है। इस चीज को भी देखा जाना चाहिए।

वित्तमंत्री महोदय ने जो गजट पेश किया था, उसमें डीजल पम्पसेट और बिजली के यंत्रों पर उत्पादन शुल्क खत्म कर दिया था। मंत्री महोदय इस का मुझे निश्चित जवाब दें कि जितने भी कृषि के यंत्र हैं चाहे वह ट्रैक्टर हो, चाहे डीजल पम्प हो, चाहे इलैक्ट्रिक पम्प हो या इलैक्ट्रिक मशीनरी हो, जो कृषि के काम में आती है, ऐसी चीजों पर जो उत्पादन शुल्क खत्म किया था, तो उनके व्यापारियों से पूछा जाये कि क्या उन्होंने एक पैसे की कमी भी उसमें की है। चाहे इन्टरनेशनल ट्रैक्टर हो या कोई दूसरा ट्रैक्टर हो, जितने भी ट्रैक्टर हैं, उनमें 4-5 हजार रुपये की बढ़ोत्तरी ही हुई है। उन व्यापारियों ने वित्त मंत्री महोदय की बात पर कोई ध्यान नहीं दिया। मुझे इस का जवाब चाहिए। समाचारपत्रों के आधार पर मैं यह कह सकता हूँ कि उन्होंने एक पैसा भी कम नहीं किया है। जब ऐसी बात है, तो आप किसान जगत को धोखे में क्यों रख रहे हैं। मैं पूछना चाहता हूं कि क्या पम्पसेटों की कीमत कम हुई, क्या इंजन की, ट्रैक्टर की कीमत कम हुई। उन लोगों से इस बारे में जवाब-तलब किया जाए, पूंजीपतियों से इसका जवाब-तलब किया जाए।

एक बात और कहना चाहता हूं और वह यह है कि सम्पूर्ण राज्य में फसली बीमा योजना लागू की जाए। बंगाल और उड़ीसा में यह लागू की गई है। तो मेरा कहना यह है कि सम्पूर्ण देश में फसली बीमा हो और भावों का संतुलन एक वर्ष में 10 परसेन्ट से ज्यादा नहीं होना चाहिए।

मैं यह भी कहना चाहता हूं कि बैंकों को यह आदेश दिया जाए कि किसानों को अगर उन का गल्ला उन के भंडारों में रखा हुआ है, तो उस को प्लेज कर के ऋण दिया जाए। जितना गल्ला उन के गोदामों में है, उस पर 60·70 प्रतिशत ब्याज दिया जाए क्योंकि खाद्य निगम भंडारों में और गल्ला रखा जाता है, तो उस को चूहे चट कर जायेंगे लेकिन किसानों के भंडारों में अगर गल्ला रखा हुआ है, तो उसको चूहे चट नहीं कर पायेंगे। इस तरह की अगर आप योजना बनायेंगे, तो किसानों में आप की पार्टी के प्रति विश्वास पैदा होगा।

दो बातें और निवेदन करना चाहता हूं। आज देश में जो बेरोजगारी है, तो उस में से अधिकांश बेरोजगार गाँवों के अन्दर भरे पड़े हैं। वे एम्पलायमेंट एक्सचेन्जों में नहीं जाते हैं और कहीं और भी नहीं जाते हैं। आज देश में 7 करोड़ ऐसे बेरोजगार हैं, जिनके पास जमीन नहीं है। उनका उपयोग आप कहाँ पर करेंगे। वे खाली रहते हैं तो गांव के अन्दर ला एण्ड आर्डर की स्थिति पैदा होगी, अत्याचार की स्थिति पैदा होगी, लूट-खसोट की स्थिति पैदा होगी और डकैती की स्थिति पैदा होगी। मैं आपसे निवेदन करता हूं कि छोटे-छोटे उद्योग-धन्धे खोले जायें जो कृषि जिन्सों पर आधारित हों। अगर ऐसा आप कर देते हैं तो सारी बेरोजगारी दूर हो जायेगी और 65 घरानों को, 64 बड़ी-बड़ी कम्पनियों को जो आप पैसा उधार देते हैं, उसको अगर आप गाँवों के अन्दर बखेर देंगे, तो सारी बेरोजगारी की समस्या का निदान हो जायेगा।

मैं यह भी कहना चाहता हूं कि किसान को आप भगवान समझिये, खेती की जमीन को मातृभूमि समझिये और कृषि को शस्य श्यामला समझ कर इस देश के अन्दर दूध-घी की नदियाँ बहाने का संकल्प लें, जैसा कि हमारा पुराना गौरव रहा है, तो यह भारत-माता की सेवा के लिए आप का बहुत बड़ा योगदान होगा।

इन शब्दों के साथ में अपनी बात समाप्त करता हूं ।

STATEMENT RE : LAUNCH OF SATELLITE LAUNCH VEHICLE, SLV-3-D-2

THE MINISTER OF STATE IN THE DEPARTMENTS OF SCIENCE AND TECHNOLOGY, ATOMIC ENERGY, SPACE, ELECTRONICS AND OCEAN DEVELOPMENT (SHRI SIVRAJ V PATIL) : The Satellite Larch Vehicle, SLV-3-D-2, with the new augmented fourth stage motor, lifted off at 11:05:45 hours from Sriharikota Range on April 17, 1983 and placed a 41.5 kg Rohini Satellite, RS-D-2, in a near-earth orbit. The launch was witnessed by the Prime Minister and the Chief Minister of Andhra Pradesh. The performance of the launch vehicle and the injection of the satellite into the orbit was normal. All the subsystems of the launch vehicle functioned satisfactorily and confirmation of the completion of the first orbit was received at the Mission Control Centre at 1300 hours.

This flight is the fourth in the SLV-3 series. The first experimental flight took place in August 1979. The second experimental flight (July 1980) placed the Rohini Satellite (RS-1) of about 35 kg in a near-earth orbit. The first developmental flight of SLV-3 (SLV-3-D-1) placed the Rohini Satellite (RS D-1 carrying a land-marker camera in May 1981.

The SLV-3-D-2, in addition to the new improved fourth stage, carried several new indigenously developed subsystems and components. The payload of the launch vehicle, namely, RS-D-2 satellite, incorporates a 2-band (visible and near infrared) CCD camera system with a "SMART" sensor for imaging of the land-marks and other ground features. Preliminary orbital data indicates the orbit to be about 371 kilometres by 861 kilometres with a period of 97 minutes. However, more precise information on the orbit will be known in about a week's time, The satellite is expected to be in orbit for over a year. The in-orbit checkout of the satellite is under progress. All initial indications are that the performance of the subsystems is normal. After test and check-out, the operations of the "SMART" sensor are expected to commence in about a week.

The launch operations for SLV-3-D-2 involved concerted and dedicated efforts of about 800 scientists, engineers, technicians, and supporting staff.

The suceessful launch of SLV-3-D-2 has established a firm base of Launch Vehicle Technology which will directly feed into the larger launchers i,e., the Augmented Satellite Launch Vehicle (ASLV) and the Polar Satellite Launch Vehicle (PSLV) currently under development.

All these developments will help our space scientists and technologists in putting in orbit our own satellites which will be able to do remote sensing and similar applications which will ultimately help in studies of monsoons, resources on the land and in the sea etc. which will be of great help to our people particularly our farmers.

We are proud of this achievement of our scientists, engineers, technicians and workers and would like to convey our congratulations and good wishes to all of them and express the hope they will keep up their

[श्री वृद्धि चन्द्र जैन]

endeavours in promoting scientific and technological excellence with self-reliance.

MR. CHAIRMAN : I am sure all sections of the House join the Chair in conveying congratulations and good wishes to the scientists, engineers, technicians and workers.

SHRI SAMAR MUKHERJEE (HOWRAH) : We convey full appreciation of the whole House.

MR. CHIARMAN: We resume our discussion on th nand for Grant relating to the Minist.y of Agriculture Shri Virdhi Chander Jain.

**15.10 hrs.**

DEMANDS FOR GRANTS, 1983-84 CONTD

**Ministry of Agriculture—Contd**

**श्री वृद्धि चन्द्र जैन (बाड़मेर)** : सभापति महोदय, कृषि अनुदानों की माँग पर मैं अपने विचार आपके समक्ष रखना चाहता हूं। कृषि के क्षेत्र में हम आत्मनिर्भर हो चुके हैं। इस सम्बन्ध में मैंने गत अधिवेशन में अपने विचार प्रकट किये थे। परन्तु जिस प्रकार मानसून की स्थिति है, और जैसी अव्यवस्था चल रही है, उसको देखते हुए मैं यह कहना चाहता हूं कि हम अभी तक आत्म-निर्भरता के नजदीक आये हैं परन्तु पूरी आत्म-निर्भरता हम प्राप्त नहीं कर पाये हैं।

मैं यह आपके समक्ष रखना चाहता हूं कि सन् 1979-80 में कृषि उत्पादन में हमारी प्रगति अच्छी नहीं रही। उस समय जनता पार्टी का राज था। 1980-81 में 129.6 मिलियन टन हमारी पैदावार हुई। 1981-82 में हमारी रिकार्ड पैदावार 133.1 मिलियन टन हुई। परन्तु 1982-83 में 125 मिलियन टन पैदावार हुई। ये आंकड़े सरकार द्वारा आर्थिक समीक्षा में दिये हुये हैं। मैं यह बताना चाहता हूं कि मानसून की अनिश्चितता की वजह से हमारे यहाँ अनिश्चितता की स्थिति बनी रहती है। अभी 1982-83 की यह स्थिति है कि 16 प्राँत सूखे की चपेट में हैं। 1983-84 की स्थिति भी हमारे सामने है। जो वर्षा हुई है वह शताब्दी में नहीं हुई। दिल्ली के बारे में यह वर्णन है कि 14 सेंटीमीटर वर्षा हुई है। फसलों को इससे काफी क्षति पहुंची है। 1982-83 में फसलों को बड़ी भारी क्षति हुई और 1983-84 में रबी का उत्पादन अच्छा नहीं हो सकता। इन स्थितियों को देखते हुये हमें अकाल और बाढ़ के नियन्त्रण के लिए स्थायी कदम उठाने होंगे। अगर अकाल और बाढ़ नियन्त्रण के लिए कदम नहीं उठाए गए और बिजली का उत्पादन नहीं बढ़ाया गया तो हम अपने लक्ष्यों की पूर्ति नहीं कर सकेंगे और आत्मनिर्भर नहीं हो सकेंगे। हम नहीं चाहते कि हम किसी दूसरे देश से गेहूं का आयात करें। जहां 70 प्रतिशत जनता कृषि पर निर्भर हो और फिर भी आवश्यकता के अनुसार उत्पादन न हो तो यह हमारे लिए प्रगति का सूचक नहीं है। यह हमारे लिए गौरव की बात नहीं है। इसके लिये हमारे किसानों और वैज्ञानिकों को ठोस कदम उठाने होंगे। राज्य सरकारों और केन्द्र सरकार को इसके लिए विशेष प्रयत्न करने होंगे। विशेषकर सिंचाई की ओर कदम उठाने होंगे।

सिंचाई के बारे में यह स्थिति है कि अभी हमारे यहां केवल 17 प्रतिशत क्षेत्र के अन्तर्गत आ पाया है। पाकिस्तान में 67 प्रतिशत क्षेत्र सिंचाई के अन्तर्गत है। जब तक सिंचाई के क्षेत्र को नहीं बढ़ाया जाएगा तब तक हम किसी भी स्थिति में आत्मनिर्भर नहीं होंगे। राजस्थान के बारे में मैं कहना चाहता हूं कि अगर राजस्थान नहर का काम तीव्रता से होता तो यह 1970 में बन जाती। राजस्थान का कायाकल्प हो जाता और बैकवर्ड एरिया नहीं रहता। उत्पादन में राजस्थान आगे होता और दूसरे प्रदेशों की भी मदद करता और राष्ट्र को आत्मनिर्भर बनाने में सहयोग देता। हमें अपनी सिंचाई योजनाओं में जितनी रफ्तार से चलना चाहिए उतनी रफ्तार से नहीं चल पा रहे हैं।

आज माही, नर्मदा आदि की योजनाएं डिसप्यूटिड पड़ी हुई हैं। ट्रिब्यूनल में 10-15 साल लग जाते हैं और योजनाएं क्रियान्वित नहीं हो पातीं। कावेरी माही डिस्प्यूट चल रहे हैं। इस प्रकार के जो डिसप्यूट चल रहे हैं उनको कृषि मन्त्रालय और सिंचाई मन्त्रालय दोनों मिलकर अपनी शक्ति का प्रयोग करके जल्दी से जल्दी हल करें।

ऐसी व्यवस्था की जाए ताकि यह सिंचाई की योजनायें चल सकें। मेरे निर्वाचन क्षेत्रों बाड़मेर और जैसलमेर में सबसे ज्यादा सूखा है। पाँच वर्षों से नहीं बल्कि पिछले सात वर्षों से सूखे की स्थिति वहाँ पर है। आज यह प्रश्न उठा था कि राजस्थान में भूखे मरे हैं या नहीं मरे हैं। मैं स्पष्ट रूप से कह रहा हूं कि वहाँ भूख से नहीं मरे हैं। लेकिन केन्द्र सरकार ने राज्य सरकार के साथ भेदभाव की नीति अपनायी है। हमारे यहाँ अकाल राहत कार्य के लिए जितने मजदूर लगने चाहिये थे, उतने नहीं लगाये गये। जैसलमेर जिले में फरवरी में दो हजार और मार्च में तीन हजार मजदूर लगे। अक्टूबर 82 से लेकर मार्च 83 तक एक करोड़ 77 लाख जनता अकाल से प्रभावित थी। राजस्थान में एम्पलायमेंट जनरेशन के लिये 11 करोड़ 87 लाख और 50 हजार रुपये की सीलिंग निर्धारित की गई जबकि मध्य प्रदेश में 88 लाख जनता अकाल से प्रभावित थी और 27 करोड़ रुपये की मदद उनको दी गई। यह यार्ड-स्टिक दोनों प्रान्तों के लिये भिन्न-भिन्न क्यों है? यह अवश्य ही सोचने का प्रश्न है। यह सूचना मैं बहुत ही रिलायेबल दे रहा हूं। पूरी तरह से जानकारी प्राप्त करके ही आपको सूचना दे रहा हूं। स्टीड टीम ने राजस्थान में प्रति दिन प्रति व्यक्ति पांच रुपये मजदूरी के लिये निर्धारित किये जबकि मध्य प्रदेश में 6 रुपए किए गये। मैटिरीयल कम्पोनेन्ट हमें 1.4 दिया गया जबकि मध्य प्रदेश को वन-थर्ड दिया गया। कहने का मतलब यह है कि जो भी अध्ययन दल जाए, उसके नार्म्स सबके लिये समान होने चाहिए। एम्पलायमेंट जनरेशन के लिए जो आपने 11 करोड़ 87 लाख 50 हजार दिए हैं, उससे कितने दिन मजदूर कार्य कर सकते हैं?

इससे एक महीने तक की भी व्यवस्था नहीं की जा सकती। इसलिए, केन्द्रीय सरकार जो भी अध्ययन दल भेजे, वह सही स्थिति का जायजा ले और उसके ऊपर ठीक से विचार करे। अभी भी अध्ययन दल भेजने के लिये मैमोरेन्डम दिया गया है। अप्रैल से जुलाई तक सबसे ज्यादा भयंकर अकाल पड़ा है। हमारे यहाँ एक ही खरीफ की फसल होती है, वह भी नष्ट हो जाये तो फिर अक्टूबर में एक महीने की क्राप्स होती है। अक्टूबर से नवम्बर और दिसम्बर महीने और भी खराब हो जाते हैं। अप्रैल में तो भयंकर अकाल की स्थिति हो जाती है। यही कारण है कि कुपोषण की वजह से हमारे यहां लोग मर रहे हैं। कुछ को एक दिन में एक टाइम खाना मिलता है या कम खाना खाते हैं क्योंकि मजदूरी समय पर पर्याप्त नहीं मिलती। वे, निमोनिया और डाइरीया जैसी बीमारियों के शिकार होते जा रहे हैं। और यह कुपोषण के कारण हो रहा है। इसलिए बाड़मेर, जैसलमेर की पंचायत समितियों के मुख्यालयों पर डाक्टर और कम्पाउन्डर्स नहीं हैं। सैन्टर्स और सब-सैन्टर्स और डिस्पेंसरीज में डाक्टर नहीं हैं। राज्य सरकार की इतनी क्षमता नहीं है कि मेडिकल टीम भेज सके। इसलिए केन्द्र द्वारा हर सैन्टर, सब-सैन्टर, हर तहसील के मुख्यालय की डिस्पेंसरी और पंचायत समितियों के मुख्यालयों पर डाक्टरों और कम्पाउन्डरों की व्यवस्था की जानी चाहिये। क्योंकि 3 महीने, अप्रैल, मई और जून के महीने बहुत संकट के हैं। इसकी पूरी व्यवस्था की जानी चाहिए।

आप जो फेमीन में मदद देते हैं वह आप सिर्फ लोन के रूप में देते हैं। लेकिन फ्लड में जो मदद देते हैं वह 75 परसेंट सबसिडी देते हैं। अकाल की स्थिति में लोगों की क्रय शक्ति खत्म हो जाती है और वे बीमारी के शिकार हो जाते हैं और मर जाते हैं। लेकिन बाढ़ में जो क्षति होती है वह प्रोपर्टी और पशुओं की होती है। अकाल में हजारों की संख्या में हमारे पशु मर जाते हैं जिससे हमारी इकनामी नष्ट हो जाती है। इसलिए फेमीन के बारे में जो फ्लड में आप मदद देते हैं वैसे ही फेमीन के समय भी मदद दें, 75 परसेंट सबसिडी दें और जब सीवियरिटी बहुत ज्यादा हो, सातवें

[श्री वृद्धि चन्द जैन]

फाइनेंस कमीशन ने भी कहा है कि राज्य सरकार की स्थिति नहीं है तो हमारी प्लान 400 करोड़ रु० की है, 5 परसेंट एडवांस प्लान में देते हैं, हमारा मार्जिन मनी भी बहुत कम कर दिया है और जो सातवें फाइनेंस कमीशन ने कहा था उसमें ऐमप्लायमेंट इनग्रीडिमेंट इनक्लूड नहीं किया। तो सबसे ज्यादा प्रोब्लम हमारी एमप्लायमेंट की है और जब आपने एमप्लामेंट इनग्रीडियेंट शामिल नहीं किया तो उसके कारण जो हमें पहले 19 करोड़ मिलता था उसकी जगह अब 7.74 करोड़ रु० ही मिलता है। इस प्रकार हमें कम मदद मिलती है और एडवांस प्लान का तरीका भी क्या है कि जिस स्टेट की फाइनेंशियल पौजीशन कम होगी, जिसका प्लान कम होगा उसको कम राशि मिलेगी और दूसरे प्रान्तों को जैसे महाराष्ट्र गुजरात को, जिनका 900 करोड़, 1200 करोड़ का प्लान है उनको अधिक राशि मिलेगी एडवांस प्लान के अन्तर्गत। चूंकि हमारा प्लान 400 करोड़ रु० का ही है इसलिये हमें एडवांस प्लान के अन्तर्गत कम राशि मिलेगी। मेरा निवेदन है कि आवश्यकता के अनुसार आपको मदद करनी चाहिए।

अकाल की स्थिति से निपटने के लिये आपने डेजर्ट डेवलपमेंट प्रोग्राम बनाना है। डी० पी० ए० पी० का कार्यक्रम हमारे रेगिस्तानी क्षेत्र में बन्द कर दिया है। डेजर्ट डवलपमेंट का प्रोग्राम छठी योजना में 50 करोड़ रु० का है, जबकि हिल एरिया के डवलपमेंट के लिए 560 करोड़ रु० का प्रावधान किया गया है। पहले 170 करोड़ था पाँचवीं योजना में, छठी योजना में उसको बढ़ाकर 560 करोड़ रु० का कर दिया गया है। लेकिन डेजर्ट एरिया के डवलपमेंट के लिए कुल 50 करोड़ रु० का ही प्रोग्राम रखा गया है। इसलिए अगर आप हमारे क्षेत्र को विकसित करना चाहते हैं और अकाल को खत्म करना चाहते हैं तो डेजर्ट डवलपमेंट कार्यक्रम के लिए 500 करोड़ रु० की प्लान बनानी चाहिए। हमारे 21 जिले डेजर्ट एरिया मे हैं। जैसे शेड्यूल्ड ट्राइब्स के लिये सब-प्लान है उसी तरह से डेजर्ट डवलपमेंट प्रोग्राम के लिए भी आपको सब-प्लान बना कर इसकी प्रगति करनी चाहिए।

आज वनों के विकास की आवश्यकता है परन्तु डेजर्ट डवलपमेंट प्रोग्राम में बहुत कम प्रावीजन इसके लिए है। अगर आप रेगिस्तानी क्षेत्रों की काया पलटना चाहते हैं तो वनों के विकास की बहुत आवश्यकता है। आज स्थिति यह है कि नेशनल हाई वे के दोनों तरह पेड़, दरख्त नहीं हैं। यह काम तो सेंट्रल गवर्नमेंट कर सकती है और इसके लिए प्रावीजन करना चाहिए। इस बारे में एग्रीकलचर डिपार्टमेंट को डिफेन्स का भी ध्यान आकृष्ट करना चाहिए। डिफेन्स से सम्बन्धित जितनी रोड्ज हैं, उनके दोनों तरफ भी पेड़ नहीं हैं। मेरा निवेदन है कि नेशनल हाई वेज और डिफेन्स रोड्ज के दोनों ओर पेड़ होने चाहिए।

हमारे रेगिस्तानी क्षेत्र के पेड़ बहुत उपयोगी होते हैं। वहाँ के खेजड़ी के पेड़ और दूसरे पेड़ों के बारे में रिसर्च होनी चाहिए। वहां की घास और पेड़ों के बारे में रिसर्च होनी चाहिए।

आज सेन्ट्रल एरिड जोन रिसर्च इन्स्टीट्यूट जो 30 साल से काम कर रही है, उसकी जानकारी हमारे किसानों को नहीं है। कृषि विज्ञान केन्द्र बाड़मेर- जैसलमेर, जोधपुर में होने चाहिए जिससे किसान उसका लाभ उठाकर इस क्षेत्र की काया पलट सकें।

डेजर्ट डेवलपमेंट प्रोग्राम अधिकाँश सीमावर्ती जिलों और क्षेत्रों में है। ये लोग सीमावर्ती क्षेत्र की जनता का मनोबल बढ़ा सकते हैं। यहाँ की स्थिति को मजबूत करना आवश्यक है। मेरा निवेदन है कि आप इन क्षेत्रों को मदद देने में फैमिन कंडीशन मे उदारता करते और हमारे साथ जो भेदभाव वरता जा रहा है, यह नहीं वरता जाना चाहिए। हमारे राज्य की स्थिति ठीक नहीं है, इसकी उचित व्यवस्था की जानी चाहिए।

पीने के पानी का आज बड़ा भयंकर संकट वहाँ है। अप्रैल, मई और जून तीनों महीने इस बार में बड़े संकट के हैं। इसके लिए मिलैटरी की सेवाओं का उपयोग करना चाहिए, वह मिलैटरी टैंकरों से समय पर वहां पानी पहुँचा सकते हैं, डिस्ट्रिक्ट प्रशासन समय पर वहां पानी नहीं

पहुँचा सकता है। वहां रिग्ज की व्यवस्था होनी चाहिए ताकि बोरिंग वैल्स का निर्माण किया जा सके।

इस प्रकार से पीने के पानी की व्यवस्था हो सकेगी और हम अकाल का मुकाबला कर सकेंगे। इन्हीं शब्दों के साथ में यह कहना चाहता हूं कि यह क्षेत्र अविकसित है और पिछड़ा हुआ है, इसे उठाने की आप कोशिश करें। हम चाहते हैं कि कृषि उत्पादन में हमारा देश आगे बढ़े, तरक्की करे, उन्नति करे। देश की प्रगति हो और उससे हमारा पिछड़ा हुआ प्रदेश और क्षेत्र भी प्रगति करे, विकास करे, और उसमें केन्द्र व राज्य सरकार का सहयोग हो। जयहिन्द।

SHRI K. MAYATHEVAR (DINDIGUL): Sir, I support the Demands for Grants of the Ministry of Agriculture on behalf of my DMK Party.

As you are all aware, 75% of the total population of India are farmers. We accept that they are the backbone of the Indian rural economy, but actually the States and the Central Governments are breaking their back bones. The farmers are not fully supported either by the State Governments or the Central Government. This is my charge. Unless the farmers raise the crops in their farms, the soldiers cannot set their hands on the arms to defend the country. Therefore, in other words, unless we raise more food and unless the objective of Green Revolution of this Government is achieved, we cannot defend the country satisfactorily.

Now, in the total expenditure of all the six Five Year Plans, what is the percentage of allotment we have made for agricultural development or improvement or to save the interests of the agriculturists and farmers in this country?

They form the vast majority of our population. It is not loss than 75 to 80 per cent but we are allotting in the total outaly only about 20 per cent of the total expenditure in all the six Five Year Plans. This is discriminatory. I demand that the Central Government should come forward to allot not less than 40 per cent of the total expenditure from the total outlay towards the expenditure on the improvement of our agriculture to make our country self-reliant and self-sufficient in foodgrains.

Sir, the hon. Member who has just spoken was pleased to refer to Cauvery water dispute because the Cauvery water dispute could not be solved either by this Government or Tamil Nadu government or Karnataka government or four State Governments of southern region-whatever may be the reason- I request the Central Government to interfere and solve the problem and advise all the southern States to accept your terms in the interest of development of entire southern region. If they do not hear your words it is my recommendation to the Central Government to nationalise all the inter-State river waters to solve the river water problems between the States at one stroke.

Sir, because water was not supplied to Tamil Nadu, specially to Tanjavar and Trichunapalli districts, we could not raise the crops. Not less than 35 lakh acres of cultivable and fertile land have become desert now. We could only raise one Crop instead of raising three crops. Inspite of Central Government's intervention in the year 1982 and inspite of Rao Birendra Singh's convening the Chief Ministers conference many a time and the southern region Chief Ministers conference many a time to discuss and decide the problem of

[SHRI K. MAYATHEVAR]

Cauvery water dispute, all the Chief Ministers participated except the Chief Minister of my State. I am thankful to you for convening the Chief Ministers' conference on 4.4.1983. In that also my government was not properly represented. I could not locate who represented my State. On 5.4.1983 there was a conference of the southern region Chief Ministers to discuss the problem of Cauvery water and in that also my government was, unfortunataly, unable to participate and play a vital role on behalf of Tamil Nadu. Therefore, what I want to say is that may government is not properly representing either for Cauvery water problem or for demanding more rice and financial aid in the face of drought and, as such, we are representing the people of Tamil Nadu more strongly than the Government of Tamil Nadu because the Chief Minister did not attend C.M.'s Conference on 4.4.1983, which is unprecedented.

Now, Sir, I call for the Central Government to interfere to solve the problem of Cauvery water immediately to save Tamil Nadu.

Because of the failure of not getting Cauvery water from Karnataka two districts of Tamil Nadu, namely, Thanjavoor and Trichy have been converted into a desert. Apart from Cauvery waters, there are so many problems in Tamil Nadu. Regarding fixing of procurement price for paddy, all the Chief Ministers representing the paddy growing States were demanding higher support price for paddy. Sir, I am not accusing the Wheat growing States. But I am bringing to your notice all these facts. Sir, you are aware of every fact better than we people. But, Sir, it is our duty to bring to your notice repeatedly and consistenly on behalf of the paddy growers about this point. All the opposition Members and even members of the Treasury Benches have supported the enhancement of paddy procurement price last week. You announced the new support price for wheat on 7.4.83. Every year you are raising the wheat price. But you did not raise the paddy procurement price or support price. The present procurement price of Rs. 122 is not remunerative.

Now, Sir, I have got with me some statistics which I collected recently from our Library. Among the total farmers in India two-thirds are paddy growing farmers; therefore vast majority of farmers have been affected. I have got this newspaper cutting from the Library. Even I can go to the extent of demanding Rs. 150 per quintal from the Central Government as enhanced price for paddy procurement. I wish to bring to your notice that the cost of production of paddy is more than the cost of production of wheat because it requires more water, more manure, more ploughing and more inputs. All these things are required for raising the paddy crop ; but it is not so in the case of wheat. In spite of the reduced cost of production of wheat you are raising procurement price of wheat higher than paddy, price. Sir, I am not opposing your wheat procurement price enhancement. We welcome that we demand enhancement of price for wheat also. On this issue all the opposition parties walked out last time except our party and some other party. So, we are not against further enhancement of procurement price of wheat. But you should not discriminate the paddy growing States and paddy growing farmers. I demand that the Central Government should declareits policy in this regard. It should be your duty. I can pressurise you with kindness and with affection : you should come forward and declare at least parity price between wheat and rice. Your procurement policy should be that the remunerative price of paddy should be not less than Rs. 150 per quintal. Paddy produced should be properly protected, by the Central Government. In this year the paddy production has been affected due to drought conditions especially in Tamil Nadu. The cultivable land has been converted into desert in Tamil Nadu. Sir, although I am a lawyer I am also a farmer and so I know the difficulties and the plight, of the farmers. There is no water at all in the wells for cultivation there is no water for drinking purposes. There is no electricity for pumpsets to bring water for cultivation. The Central Government should come forward to protect the lives of the people of Tamil Nadu who are held under the clutches of the Tamil Nadu Government. Paddy procurement price should be enhanced. This is my demand. Regarding

the Nationalisation of Banks 24 DMK MPs supported Government police at that time, in 1971-72. But I am sorry to say that the objective has been defeated : all the bank loans are given only to millowners, prosperous factory owners and big business people. The nationalised banks are not coming forward to grant loans liberally to the farmers at a cheaper rate of interest.

They are granting loans only to the millowners, big business people, smugglers, factory owners and private company owners. These people alone are getting loan from the banks. Whenever farmers go to the banks, there the bank authorities ask them to bring some persons for surety before granting of loan is considered. Where will they go for surety ? When Mr. Venkataraman was the Finance Minister, he had asked the bank authorities in my constituency to look into the matter. Then only they granted loan to the farmers. But after three months, it was again suspended. Therefore, it is necessary that there should also be some control over the banks by your Department and you should direct them to grant loans to the farmers at much cheaper rate of interest, say at the rate 5% or so. The banks should not charge abnormal rate of interest for the loans granted to the farmers.

Sir, so far as my constituency namely Dindigul in Madurai and Ramnad districts in Tamil Nadu-are considered, I would like to point out that there is a Dam called 'Periyar Dam' in between the States of Kerala and Tamil Nadu. The height of the water level in the dam was 156 ft. upto last year. But now this year, the Kerala Government reduced the height of the water level from 156 ft. to 136 ft. And because of the reduction in the height of the water level, the districts of Ramnad and Madurai are very much affected. About 15 lakh acres of cultivable land have been affected. We were raising two crops every year in these 15 lakh acres of land. But this year we could raise only one Crop. I would request that the Central Government should interfere in this matter and instruct the Kerala Government to keep the previous water level height of 156 ft. in Periyar Dam. The Tamil Nadu Government is sleeping over this matter and the Central Government should wake them up and also ask the Kerala Government to release water to Tamil Nadu. Sir, I am told that the Tamil Nadu police were beatan by the Kerala Police personnel, when they went to Periyar Dam area. The officials from Tamil Nadu who went there for survey purpose were severely beaten by the Kerala Police personnel. The Tamil Nadu Government had not protected them. I would therefore request the Central Government to Pintervene in this matter and protect those people.

Sir, hon. Prime Minister had sanctioned Rs. 10 crores for Madras and the Central Government had also sanctioned another amount of Rs. 72 crores for Tamil Nadu. Sir, this amount is not at all sufficient to meet the present severe drought conditions there. The whole of Tamil Nadu is under severe grip of famine and drought and the people are facing a lot of difficulties because of the unprecedented drought conditions.

Sir, for deepening the wells, we do not get the explosive materials, that is, 'Thottas'. These explosive materials are not available in Tamil Nadu. I am told that these materials are to be brought from Orissa. It is understood that there is a strike in the explosive factory in Orissa. We could not deepen the wells in Tamil Nadu because of the non-availablity of those materials.

Therefore, Sir, I would request the Central Government to arrange for the supply of these explosive materials immediately, so that the people of Tamil Nadu would be able to deepen the wells in their areas with the help of these materials.

Now, coming to sugarcane producers, I would like to point out that they should be given remunerative price so that there is an incentive to increase their production. The sugarcane producers want that sugarcane price should be fixed at Rs. 200 per tonne. We are giving them only Rs. 150/--or so

[SHRI K. MAYATHEVAR]

per tonne for sugarcane. This is not a remunerative price at all taking into account the prices of inputs etc. I, therefore, demand that the procurement price for sugarcane should be raised to Rs. 200/-- per tonne by the Government.

Then, I come to the final point. I am very strongly condemning the recommendations made by the Agricultural Price Commission in regard to paddy. I do not know what type of people are there in the Agricultural Price Commission ?

They are able to appreciate the difficulties of the wheat growers, but they seem to be totally neglecting the difficulties of the paddy growers. In 1980-81, they recommended an increase of Rs.5/- per quintal in the procurement price of paddy, from Rs. 95/- to Rs. 100/--,whereas all the paddy growing States demanded a price of Rs.125/- to Rs.130/- per quintal. This is a question which requires very serious thought. Even the hon. Minister for Agriculture declared two years ago that the procurement price for paddy should be Rs. 110/-- per quintal, but the Agricultural Price Commission has recommended only Rs.100/- per quintal. This is an impracticable recommendation and should be totally rejected and dismissed by the Government. The Government must be practical and take into account the difficulties of the farmers and give them remunerative prices. The cost structure of the agricultural commodities with particular reference to the inflation on the price of inputs of consumer items, used by the farmers should be taken into consideration by the Government. The Agricultural Price Commssion should take into account the cost of production, that is cultivation cost, input cost, electricity cost, diesel cost, cement cost, farm implement cost, etc. while I agree making their recommendations. that we cannot easily reconcile the interests of the producers and the consumers unless the Government gives food subsidy to the paddy growers. Therefore, more and more subsidy should be given to the paddy producers by way of support price or procurement prices.

Very badly the Tamil Nadu State is seeking your protection to solve the cauvery water problem. On 5th April, 1983, hon. State Minister for Irrigation, Shri Ram Niwas Mirdha, presided over the Southern Region Chief Ministers' conference in Delhi. Unfortunately or accidentally, it was the destiny of Tamil Nadu, or Mayathevar or all the politicians from Tamil Nadu that our case was not properly represented. While all the other Chief Ministers presented their case properly, it was not so in our case. I would, therefore, request you to kindly intervene and have this matter settled to the satisfaction of all concerned.

MR. CHAIRMAN Please put forward your points; do not make comments.

SHRI K. MAYATHEVAR : Such a great administration is there in Tamil Nadu.

As I said, the Cauvery problem should be solved immediately by your intervention.

Now, I come to the question whether the State Government is contributing foodgrains to the Central pool or not It has not contributed in 1978-79, 1979-80, 1980-81, and 1981-82. In addition to that, we are aware of the irresponsible behaviour of the Tamil Nadu Government. You may excuse that Government, but you should not punish the people because of the failure of that Government. You should come forward and give more money for drought relief, more rice and wheat and other essential commodities to save the people from the drought crisis there.

With these words, I support the Demands of this Ministry.

श्रीमती माधुरी सिंह (पूर्णिया) : सभापति महोदय, मैं आप की आभारी हूं कि आपने मुझे इस विषय पर बोलने का अवसर दिया है।

भारत अभी भी एक कृषि प्रधान देश है। बिहार राज्य में तो प्राय: 80 प्रतिशत लोग अपनी जीविका के लिए कृषि पर निर्भर हैं। मेरा जन्म भी एक खेतिहर परिवार में हुआ है

और यह एकदम स्वाभाविक है कि में कृषि से सम्बन्धित मामलों में कुछ दिलचस्पी लूं। स्वराज्य के बाद कृषि का उत्पादन दुगुना हुआ है, सिंचाई बढ़ी है, खादों का पहले की वनिस्पत बड़े पैमाने पर इस्तेमाल होने लगा है, यद्यपि सभी क्षेत्रों में नहीं। लेकिन हमारी आबादी भी पिछले तीन दशक में काफी तेजी से बढ़ती गई है। इधर पांच छ: वर्षों में कृषि के उत्पादन में बहुत कम वृद्धि हुई है और सुखाड़ के कारण कृषि का उत्पादन दोबारा नीचे गिरा है। और अब हम देख रहे हैं कि दो-तीन वर्षों से सरकार को अपने देश में खपत के लिए विदेशों से खाद्यान्न माँगना पड़ रहा है। खाद्यान्नों में दलहन की कमी है और तिलहन की कमी तो प्राय: बराबर ही रही है और विदेशों से आयात का क्रम चलता रहा है। यह स्थिति किसी दृष्टिकोण से भी संतोषजनक नहीं कही जा सकती है। मैं बिहार राज्य से आती हूं। बिहार राज्य की स्थिति तो और भी गंभीर है। उसकी समस्यायें विषम हैं। बिहार की आबादी बहुत घनी हैं। सारे देश की औसतन आबादी से लगभग दूनी। आबादी घनी होने के फलस्वरूप बिहार में भी व्यक्ति खेती योग्य जमीन सारे देश की तुलना में लगभग आधी है। उत्तर बिहार की आबादी का घनत्व तो सारे देश के औसतन घनत्व से तीन गुणा अधिक है। मेरी अपनी कांस्टीचुयेन्सी पूर्णिया भी उत्तर बिहार के ही एक कोने में है। 1975-76 के बाद से बिहार में कृषि की फी एकड़ उपज में कोई खास वृद्धि नहीं हुई है। यदि सारे भारतवर्ष के आंकड़ों से हम तुलना करें तो यह साफ दीखता है कि बिहार राज्य में कृषि की फी एकड़ उपज देश की औसतन फी एकड़ उपज से सामान्यत: थोड़ा कम ही रही है। सुखाड़ और बाढ़ से फसलों को नुकसान पहुँचता रहा हैं। कोसी और गण्डक जैसी वृहत् सिंचाई योजनाओं में कमांड एरिया में जो प्राय: 10 वर्षों से कृषि के विकास की योजना चालू है। उसमें अभी तक बहुत प्रगति नहीं हो पाई है। सुखाड़ पीड़ित क्षेत्रों के लिए जो एक अलग विकास योजना बनाई गई है उस में अभी तक बहुत प्रगति नहीं हो पाई है। छोटे किसानों के लिए जो विकास योजना चालू हैं उनके जरिये भी खेती की उपज में खास वृद्धि हुई हो, ऐसा नहीं मालूम होता है। मैं इन सभी कार्यक्रमों का खासकर जिक्र कर रही हूं चूंकि इन कार्यक्रमों का भारत सरकार से बराबर सम्बन्ध जुड़ा रहा है और अब भी जुड़ा हुआ है। भारत सरकार द्वारा ही ये सभी कार्यक्रम चालू किये गये हैं। कार्यक्रमों में कोई ख़ास त्रुटि हो ऐसा नहीं लगता है, फिर भी यह मानना होगा कि उनके कार्यान्वयन में अभी तक यथेष्ट प्रगति नहीं हो सकी है और अभी तक हम इन कार्यक्रमों के जरिये कृषि की उपज को बहुत बढ़ाने में सफल नहीं हो सके हैं। इसके क्या कारण हैं, इसकी जाँच शीघ्रातिशीघ्र होनी चाहिए जिससे कि कुछ ऐसे उपाय किये जायें जिनसे कि इन कार्यक्रमों में तेजी लाई जा सके, उनको कारगर बनाया जा सके और बिहार जैसे कृषि प्रधान राज्यों की स्थिति में विशेष सुधार हो।

बिहार राज्य में अभी तक विभिन्न फसलों की औसतन उपज में काफी वृद्धि नहीं लाई जा सकी है। इसका एक यह भी कारण है कि वहां अभी भी किसानों को सिंचाई, बिजली इत्यादि आधारभूत सुविधाओं का अभाव रहा है। अभी भी केवल 33 प्रतिशत बोई हुई जमीन की सिंचाई होती है और कई ऐसे जिले हैं जहां 5·6 प्रतिशत जमीन से ज्यादा की सिंचाई नहीं हो सकती है। पूर्णिया जिले में तो कोसी योजना के रहते हुए भी केवल 15 प्रतिशत जोत की सिंचाई होती रही है। पूर्णिया में और प्राय: मैदानी जिलों में बहुत से नलकूप गाड़े गये हैं लेकिन पिछले चार-पांच वर्षों से बिजली की इतनी कमी रही है कि उनका भी पूरा-पूरा इस्तेमाल नहीं हो सका है। कृषि विकास का एक और पहलू है जिस पर मैं ध्यान दिलाना चाहूंगी। बिहार राज्य में एवं बहुत से अन्य राज्यों में छोटे किसानों की बहुतायत है। वे अपनी गरीबी के कारण सामान्यत: रसायनिक खाद भी नहीं खरीद पाते। छोटे किसानों में अधिकांश पढ़े-लिखे भी नहीं हैं और खेती करने के नये उन्नत तरीकों में उनको प्रशिक्षण नहीं दिया जा सका है। साधनों की कमी के बावजूद भी शायद कुछ हद तक वे अपने खेतों की उपज बढ़ा सकते हैं यदि विभिन्न क्षेत्रों से उनको उचित प्रशिक्षण देने की ठोस व्यवस्था की जा सके।

मैं सरकार से खास कर कृषि मंत्री से यह अनुरोध करूंगी कि वे वर्तमान परिस्थिति

में कृषि उत्पादन के विकास में तेजी लाने के लिए विभिन्न राज्य सरकारों से परामर्श कर एक ऐसे कार्यक्रम की शुरूआत करें जिससे कि कृषि और विशेषत: खाद्यान्नों और तिलहनों के उत्पादन में काफी वृद्धि लायी जा सके। इस कार्यक्रम के द्वारा विशेष रूप से यह प्रयत्न किया जाना चाहिए कि बिहार जैसे राज्यों में जहाँ की आबादी बहुत घनी है और कृषि के उत्पादन का स्तर अभी भी नीचा है कृषि के विकास एवं कृषि उत्पादन में अगले दो-तीन वर्षों में काफी तेजी लायी जा सके। मैं समझती हूं कि इस लक्ष्य की पूर्ति के लिए सम्बंधित राज्य सरकारें भी केन्द्रीय कृषि मंत्री को अपना पूरा सहयोग देंगी।

